अमृत विचार

बरेली, बुधवार,11 फरवरी 2026

पीलीभीत

# अवैध कॉलोनियों पर नहीं कसा जा सका शिकंजा

## चिड़ियादाह क्षेत्र में दो स्थानों पर पुराने निर्माण को ढहाया, औपचारिकता में सिमटी कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** अवैध कॉलोनियों को लेकर प्रशासन की ओर से चलाया जाने वाला अभियान फिलहाल औपचारिकता में सिमटकर रह गया। माधोटांडा रोड पर पहुंची टीम ने दो स्थानों पर किए गए छिटपुट निर्माण को ध्वस्त कराया। ये वह कॉलोनियां रहीं, जिसमें सालों से कोई नया निर्माण ही नहीं हुआ था। हालांकि आसपास तेजी से स्थापित की जा रही अन्य कॉलोनियों को लेकर कार्रवाई नहीं की गई। फिलहाल अब शुक्रवार को वृहद स्तर पर अभियान चलाने की बात कही गई है।

बता दें कि पिछले कुछ समय में तेजी से कॉलोनियों का मकड़जाल फैलता जा रहा है। कुछ सालों में ही कई अवैध कॉलोनियों बना दी गई। शहर से सटे ग्रामीण इलाकों गैरपंजीकृत कॉलोनाइजर किसानों से सस्ते दामों में जमीन खरीदकर उसमें प्लाटिंग कर महंगे दामों में बेचने जुट गए। अवैध कॉलोनियों के इस गोरखधंधे में सफेदपोश से लेकर रसूखदार तक शामिल बताए जाते हैं।


अवैध कॉलोनियों पर कार्रवाई करने के लिए टीम संग पहुंचे सिटी मजिस्ट्रेट।

यही वजह है कि दोनों के गठजोड़ से यह अवैध धंधा तेजी से बढ़ता चला गया। हालांकि अवैध कॉलोनियों के विरुद्ध अभियान भी लगातार हर साल ही चलते आ रहे हैं, मगर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा सकी। अधिकांश मामलों में प्रशासनिक स्तर से नोटिसबाजी तक कार्रवाईयां सीमित रहती हैं। माधोटांडा रोडपर ही कुछ दिनों में कई कॉलोनियां बना दी गई है। कईयों ने बाईपास के किनारे ही भवन खड़े कर दिए। जबकि बाईपास को हरा-भरा रखने के लिए मार्ग के दोनों ओर 30-30 मीटर का दायरा ग्रीन जोन घोषित किया जा चुका है। इसे लेकर भी सिर्फ नोटिस जारी हो सके हैं। डीएम के निर्देश पर दस फरवरी को अभियान चलाकर कार्रवाई के दावे किए गए। इसे लेकर मंगलवार को सिटी मजिस्ट्रेट विजय वर्धन तोमर की अगुवाई में टीम पहुंची। सुनगढ़ी इंस्पेक्टर नरेश त्यागी भी पुल बल के साथ पहुंचे। माना जा रहा था कि सख्त एक्शन लिया जा सकेगा। मगर, ऐसा नहीं हो सका। टीम ने दो स्थानों पर पहुंचकर किए गए छिटपुट पक्के निर्माण को ध्वस्त कराया। बताते हैं कि ये दोनों स्थानों पर सालों पहले कालोनी काटी गई थी। लंबे समय से कोई पक्का निर्माण भी यहां पर नहीं हो सका है। करीब सवा घंटे तक टीम ने इसी कार्रवाई में गुजार दिए और फिर वापस लौट गई। बाईपास के पास निर्माण करने पर जिन्हें नोटिस देकर कार्रवाई की चेतावनी दी गई थी, न तो उन पर कोई एक्शन लिया जा सका, न ही अन्य कॉलोनियों पर। इसे लेकर तमाम तरह की चर्चाएं की जाती रहीं।

- नई विकसित अवैध कॉलोनियों पर नहीं लिया कोई एक्शन


माधोटांडा रोड से सटी एक कॉलोनी में किए गए निर्माण को तोड़ती टीम।

### आधी अधूरी रह गई तैयारियां

एक तरफ अवैध कॉलोनियों पर चलाए जाने वाले अभियान की कार्रवाई औपचारिक रही। वहीं, इसे लेकर तैयारियां भी अधूरी सी दिखीं। टीम तो पहुंच गई लेकिन जेसीबी नहीं मिल सकी। इस पर नगर पालिका की जेसीबी खराब होने का तर्क दिया गया। फिर औपचारिक इंतजाम कर खानापूरी की गई। जेसीबी न मिल पाने का हवाला देते हुए फिलहाल अब शुक्रवार को सख्ती के साथ कार्रवाई करने की बात कही गई है।

## न्यूज ब्रीफ

### महिला के कुंडल लूटने की रिपोर्ट दर्ज

**बिलसंडा, अमृत विचार :** ग्राम नवदिया पगार निवासी रामस्वरुप पुत्र तोताराम ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी पत्नी रामवती दस फरवरी को सुबह साढ़े दस बजे ग्राम करेली से तिलसंडा जाने वाले मार्ग पर खेत पर उपले पाथ रही थी। इस बीच बाइक सवार दो युवक आए और पत्नी को बातों को फंसाकर सोने के कुंडल खींच ले गए। अशिक्षित होने की वजह से पत्नी बाइक का नंबर नहीं नोट कर सकी। शोर पर पुत्र प्रेमसागर पहुंचा मगर तब तक आरोपी भाग गए। पुलिस अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है।

### रंजिश में हमला करने की एफआईआर दर्ज

**बरखेड़ा, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव बहादुरपुर हुक्मी के रहने वाले डालचंद पुत्र रामलाल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि मंगलवार को गांव के रामकुमार, चेतराम, श्याम बिहारी ने पुराने मुकदमे की रंजिश को लेकर उसके घर के बाहर आकर गाली गलौज की। जातिसूचक शब्द कहकर अपमानित किया। विरोध करने पर हमला किया। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है।

### सड़क हादसे में बाइक सवार घायल

**गजरौला, अमृत विचार :** तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। हादसा गजरौला क्षेत्र में मंगलवार को हुआ। ग्राम हटुआ बिजलहाई निवासी मुरारीलाल बाइक पर सवार होकर घर से कस्बे में आए थे। शाम करीब पांच बजे वापस जाते वक्त अज्ञात वाहन ने पिपरिया कॉलोनी मोड़ के पास टक्कर मार दी। हादसे में मुरारीलाल घायल हो गए। उन्हें जिला अस्पताल भी कराया है।

### ग्रामीण को हमला कर किया घायल

**बीसलपुर, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मीरपुर वाहनपुर निवासी सकलेन ने बताया कि उसका मोबाइल और 1950 रुपये गांव के ही दो युवकों ने चोरी कर लिया। जब इस बात का पता चला तो उसने युवकों से मोबाइल और रुपये वापस मांगे। इस पर आरोपियों ने हमला कर घायल कर दिया। परिजनों ने घायल का उपचार कराया। इस मामले में पुलिस जांच कर रही है।

# स्कूल में धूमधाम से मनाया वार्षिकोत्सव, कई पुरस्कृत

संवाददाता, बिलसंडा

**अमृत विचारः** रश्मि धर्मेंद्र (आरडी) पब्लिक स्कूल में मंगलवार को वार्षिकोत्सव मनाया गया। डायरेक्टर डीके कुशवाहा, प्रबंधक रश्मि सिंह ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन कर शुरुआत कराई। बच्चों ने सरस्वती वंदना और स्वागत गीत की प्रस्तुति दी।

विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम,नाटक, गीत हुए, जिसमें बच्चों ने उत्साह के साथ प्रतिभाग किया। गीतों पर बच्चे जमकर झूमे। कर्मजीत कौर, मनप्रीत, अवनी, निखत, आरफा रजवी, अनुष्का, आस्था, वानया, अंशिका, आलिया, अलीशा अलीशा नाज, गुलशन, अलीवा, अमरिशा, अर्पिता, अन्नपूर्णा, काजल, कोमल, अंबिका शिवि गुप्ता, शौर्य गुप्ता, शिवा, नंदिनी, अंशिका, प्रियांशी आदि की प्रस्तुति ने मन मोहा। मुख्य अतिथि भाजपा ब्रज क्षेत्रीय मंत्री अवनीश शर्मा,एडवोकेट कुलवंत सिंह कुशवाहा,तोताराम वर्मा, डॉ. राम वर्मा, भाजपा मंडल अध्यक्ष संजीव मौर्य, प्रधानाचार्य विपिन कुमार वर्मा, ओमकार गंगवार, रविंद्र कुमार, मुकेश कुमार, स्वाति मिश्रा, गुनगुन तिवारी, कीर्ति, सपना, अंशिका, कुसुम आदि मौजूद रहे।


वार्षिकोत्सव में रंगारंग कार्यक्रम पेश करते बच्चे। • अमृत विचार

# एक दिवसीय शिविर का किया आयोजन

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** गन्ना कृषक स्नातकोत्तर महाविद्यालय पूरनपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में ग्राम नारायनपुर में एक दिवसीय सामान्य शिविर का आयोजन किया गया। इसकी थीम महिला सशक्तिकरण रहा।

प्राचार्य डॉ. सुधीर कुमार शर्मा ने कहा कि महिला सशक्तिकरण किसी एक दिन का विषय नहीं, बल्कि निरंतर सामाजिक प्रयास है। शिक्षित, जागरूक और आत्मनिर्भर महिला ही सशक्त समाज की आधारशिला है। कार्यक्रम अधिकारी एनएसएस डॉ. मृदुला शर्मा ने कहा कि महिला सशक्तिकरण का अर्थ महिलाओं को उनके अधिकारों, स्वास्थ्य, शिक्षा और आत्मसम्मान के प्रति जागरूक करना है। स्वयंसेवियों ने गांव में जाकर महिलाओं से संवाद कर उन्हें आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। शिविर के दौरान एनएसएस स्वयंसेविकाओं ने ग्रामीण अंचल की महिलाओं को शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वावलंबन, सरकारी योजनाओं एवं महिला अधिकारों के प्रति जागरूक किया। सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध संदेश दिया। द्वितीय सत्र में शाहिद खान ने राष्ट्रीय सेवा योजना के बारे में चर्चा की।


महिलाओं को जागरूक करतीं स्वयंसेविकाएं। • अमृत विचार

- नारायनपुर में महिला सशक्तिकरण थीम पर लगाया शिविर, ग्रामीण महिलाओं को किया जागरूक

# इंटरमीडिएट के छात्र-छात्राओं को दी विदाई

**दियोरियाकलां, अमृत विचार :** यूपी बोर्ड परीक्षा 18 फरवरी से शुरू हो रही हैं। मंगलवार को एजीएम इंटर कॉलेज बिहारीपुर हीरा में इंटरमीडिएट के छात्र छात्राओं को प्रवेश पत्र प्रदान करते हुए विदाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें इंटरमीडिएट परीक्षा में शामिल होने वाले छात्र छात्राएं उपस्थित रहे। शिक्षक शिक्षिकाओं ने छात्र छात्राओं को प्रवेश पत्र दिए। परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के सुझाव दिए गए। संस्थापक एलपी गंगवार, प्रबंधक सर्वेश गंगवार, प्रधानाचार्य पंकज कुमार गंगवार, उपप्रधानाचार्य ओविद प्रकाश शुक्ला, कार्यालय अधीक्षक सुनील कुमार, मनोज कुमार आदि मौजूद रहे।

# वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का समापन

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** गोस्वामी मॉम्स प्राइड स्कूल में चल रही तीन दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का मंगलवार को समापन हो गया। बच्चों ने विभिन्न स्पर्धाओं में भाग लिया। अध्यक्ष सोनिया गोस्वामी ने ऐसे आयोजनों से बच्चों का शारीरिक और मानसिक विकास होने की बात कही।

कक्षा प्ले ग्रुप की पिक एंड ड्रॉप द बॉल रेस में अवियांश मिश्रा, अनिका शर्मा, ओजस, बैलेंस रेस में आद्विक, असजद रजा खान, रेयांश गुप्ता, रिंग रेस में अवियांश मिश्रा व अग्रिम, रिद्धियांशी सक्सेना व शिवांश राजपूत, सक्षम व पार्थ गंगवार, फ्रॉग रेस में नीलेश मौर्य, अनिका शर्मा, श्रेष्ठ, अरेंज द बॉल में ओजस, नीलेश मौर्य, शिवाय क्रमशः प्रथम द्वितीय व तृतीय रहे। कक्षा किंडर गार्डन की सैक रेस में रिचा सिंह, अरिजीत शर्मा, फजीलत, बैलून रेस में बिलाल हसन व अरिजीत, दर्शित व दिशानी, स्पून रेस में दक्ष कुमार,दित्या सक्सेना, ग्लोरी, फ्रॉग रेस में अक्ष शर्मा, रिचा सिंह, दक्ष कुमार, पेयर रेस में माहित, शौर्य यादव, विराट वर्मा, कक्षा नर्सरी की रिंग रेस में अनाया, कृष्ण कांत यादव, सोफिया, फ्रॉग रेस में अतिक्ष पाल, हिमांश सिंह, अदवीक चौधरी, बैलेंस रेस में ऋद्वी चौधरी व समीहा, दीपांश व देविता पटेल, अनाया व दिव्यांश, सैक रेस में मोक्ष द्विवेदी, काव्यांश शर्मा, रावी, बॉल बैलेंस ऑन कप रेस में शिवम कुमार, एलिस गंगवार, आयज़ा इमरान क्रमशः प्रथम द्वितीय और तृतीय रहे। विजेताओं को मेडल व सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्या जया घोष ने प्रदर्शन की सराहना की।


प्रतियोगिता में भाग लेते बच्चे। • अमृत विचार

# अभियान में दवा का किया वितरण

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** तहसील पूरनपुर में मंगलवार को फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम एवं कृमि मुक्ति दिवस के तहत व्यापक स्तर पर दवा वितरण अभियान चलाया।

एसडीएम अजीत प्रताप सिंह ने स्वयं दवा का सेवन कर अभियान की शुरुआत कराई। तहसील के अन्य कर्मचारियों ने भी दवा का सेवन किया। सीएचसी अधीक्षक डॉ. मनीष राज शर्मा, मीनाक्षी दुबे, संजीव कुमार, राकेश कुमार सहित जिले से डॉ. नूपुर, दीपेश, सुमित, राजकुमार, रतनलाल आदि उपस्थित रहे। स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों पर पहुंचकर दवा का वितरण एवं सेवन कराया। नगर के सेंट जोसेफ स्कूल में आरबीएसके स्टाफ नर्स शिखा सरन ने प्रधानाचार्या सिस्टर रेम्या की उपस्थिति में बच्चों को दवा का सेवन कराया। इसके अतिरिक्त गुरु नानक इंटर कॉलेज, आरएसआरडी, सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, एसवी सर्वोदय इंटर कॉलेज, जय सतगुरु देव सविता आत्माराम इंटर कॉलेज महादिया, स्वामी एजुकेशनल, अकाल अकादमी कजरी एवं गोमती क्षेत्र में स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा स्कूलों में जाकर दवा वितरित की गई।

सीएमओ मुख्य चिकित्सा अधिकारी आलोक कुमार ने 1000 से अधिक छात्र संख्या वाले विद्यालयों में विशेष रूप से दवा वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाया जा रहा यह अभियान फाइलेरिया जैसी गंभीर बीमारी के उन्मूलन और बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।



सेंट जोसेफ स्कूल में हुए कार्यक्रम में विद्यार्थी व अन्य। • अमृत विचार

- पूरनपुर में एसडीएम ने दवा खाकर कराई शुरुआत

# शराब की दुकान में नकब लगाकर चोरी

**दियोरियाकलां, अमृत विचारः** क्षेत्र के ग्राम दियोहना पिपरैया में चोरों ने शराब की दुकान को निशाने पर लिया। नकब लगाकर घुसे चोर 18 हजार रुपये कीमत की 40 पेटी शराब व 18 हजार रुपये समेट ले गए। घटना सोमवार रात किसी वक्त अंजाम दी गई। मंगलवार सुबह दुकान पर पहुंचे सेल्समैन ग्राम जयनगर निवासी मूलचंद ने घटना की जानकारी दुकान मालिक और पुलिस को दी। कुछ ही देर में पुलिस मौके पर पहुंची और जानकारी की। दुकान स्वामी पीलीभीत के मोहल्ला खैरुल्लाशाह निवासी शेर सिंह भी आ गए और तहरीर दी। बताते हैं कि चोर यहां से सीसीटीवी की डिवाइस भी साथ ले गए। एसओ गौतम सिंह ने बताया कि मौका मुआयना कर जानकारी की गई है। सुरागरसी कराई जा रही है।

# पात्रों की अनदेखी, सरकारी नौकरी वालों को दिए आवास

- भाजपा नगर महामंत्री ने जिला अधिकारी से की शिकायत, उच्च स्तरीय जांच की मांग

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** आर्थिक रूप से कमजोर जरूरतमंद लोगों को छत मुहैया कराने के लिए चलाई जा रही प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 में भ्रष्टाचार और घोटाले की सुगबुगाट अब अधिकारियों तक पहुंच गई है। शिकायत किसी आम नागरिक नहीं बल्कि सत्ताधारी भारतीय जनता पार्टी के नगर महामंत्री एवं केंद्रीय उपभोक्ता सहकारी भंडार लिमिटेड के उप-सभापति अमरीश शर्मा अंबू ने की है। जिसमें डूडा के जिम्मेदारों पर शासन की मंशा को दरकिनार कर घोटाला करते हुए भ्रष्टाचार के आरोप लगाए हैं। उन्होंने मांग की है कि इसकी उच्च स्तरीय जांच कराकर सख्त कार्रवाई करते हुए संबंधित से रिकवरी कराई जाए।

शहर के मोहल्ला तखान के रहने वाले भाजपा नेता अंबरीश शर्मा अंबू ने डीएम को दिए शिकायत पत्र में बताया कि नगरीय विकास अभिकरण डूडा द्वारा प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना 2.0 के तहत नगरीय क्षेत्र में लाभार्थियों को आवास निर्माण के लिए आवंटित की गई धनराशि में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार करने की आशंका है। मनमाने और भेदभावपूर्ण तरीके से लाभार्थियों को धन आवंटित किया गया है। कई अपात्रों को भी सांठगांठ करके धनराशि का आवंटन कर सरकारी धन का दुरुपयोग किया गया है। उदाहरण के तौर पर कहा कि वार्ड नंबर छह में 58 आवंटियों को धन आवंटित किया गया जबकि वार्ड नंबर 15 में किसी को भी योजना से लाभान्वित नहीं किया गया है। कई ऐसे वार्ड हैं, जिनमें पक्के मकान, सरकारी नौकरी वालों को भी लाभ दिया गया। कुल सत्ताईस वार्ड में कईयों की अनदेखी की गई है। आरोप लगाते हुए कहा कि 311 स्वीकृत प्रधानमंत्री आवास में कई ऐसे लोग हैं, जिनके शहर में अच्छी स्थिति में पक्के मकान बने हुए हैं। आवास की सूची में पात्र दिव्यांग, विधवा, बेसहारा परिवारों की अनदेखी की गई। बड़ी संख्या में ऐसे आवेदक हैं, जिनके जर्जर हालत में मकान है और उनका सर्वे सत्यापन होने के बाद भी स्वीकृत सूची में नाम शामिल नहीं किया गया।

### ...तो कार्यालय के एक जिम्मेदार की अहम भूमिका

आवास योजना में भ्रष्टाचार से जुड़े कई मामले पूर्व में भी उजागर होने के साथ ही चर्चित रहे हैं। कुछ में तो एफआईआर भी दर्ज कराई गई थीं। इधर, इन सब शिकायतों और भ्रष्टाचार के शोर के बीच लंबे समय से तैनात डूडा विभाग के एक कर्मचारी की भूमिका अहम बताई जा रही है। इसकी चर्चा भी तेज रही हैं। फिलहाल डीएम से हुई शिकायत के बाद खलबली मच गई है।

### एक समुदाय विशेष का अधिक रखा ध्यान

भाजपा नेता की ओर से की गई शिकायत में अधिकारियों की कार्य प्रणाली पर भी सवाल उठाते हुए इसे शासन और संगठन की मंशा के विपरीत बताया गया है। शिकायत पत्र के दूसरे नंबर प्वाइंट में गंभीर आरोप लगाते हुए अंबरीश शर्मा ने कहा है कि शहर में एक समुदाय विशेष का ध्यान अधिक रखा गया है। उनका कहना है कि इसमें 311 प्रधानमंत्री आवास में से 176 आवास स्वीकृत किए गए हैं। इसके पीछे भी संगीन आरोप लगाए हैं।


अंबरीश शर्मा।

## अनूठा अभियान

### सेंगर दंपती ने पीलीभीत मेडिकल कॉलेज को सौंपी पांचवीं देह

# कानपुर की आशा की देह बनी चिकित्सा जगत की धरोहर

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** युग दधीचि देहदान अभियान के तहत पीलीभीत मेडिकल कॉलेज को पांचवीं देह मिली। यह पहला महिला देह है। कानपुर की जेके कॉलोनी के रहने वाले सेंगर दंपती आशा तिवारी की देह लेकर पहुंचे और मेडिकल कॉलेज के अधिकारियों के सुपुर्द की। इसके साथ सेंगर दंपती द्वारा दी गई पांचवीं देह भी मेडिकल जगत को समर्पित हो गई।


आशा तिवारी।

बता दें कि कानपुर के रहने वाले मनोज सेंगर और उनकी पत्नी माधवी सेंगर ने युग दधीचि देहदान अभियान की शुरुआत 2003 में की थी। चिकित्सा जगत को देह समर्पित करने के इस अनूठे अभियान ने लगभग पूरे प्रदेश को अपने कार्यक्षेत्र में ले लिया है। इसके अंतर्गत देहदान महायज्ञ में आज 317वीं आहुति के रूप में गांधी नगर कानपुर की दुर्गादेवी रोड की रहने वाली 72 वर्षीय आशा तिवारी की पार्थिव देह राजकीय मेडिकल कॉलेज पीलीभीत को समर्पित की गई। बता दें कि पीलीभीत मेडिकल कॉलेज को यह पांचवीं देह युग दधीचि देहदान अभियान द्वारा कानपुर से लाकर समर्पित की गई है। मेडिकल कॉलेज प्राचार्या डॉ. संगीता अनेजा ने सेंगर दंपती का आभार व्यक्त किया। कहा कि कॉलेज को पहला महिला शरीर दान में मिला है, जोकि चिकित्सकीय दृष्टि से अति महत्वपूर्ण है। यहां उपस्थित छात्रों ने दिवंगत देहदानी को पुष्प चढ़ाते हुए श्रद्धांजलि समर्पित की। बता दें कि कानपुर में देह समर्पण के वक्त आशा तिवारी के देवर अरुण प्रकाश तिवारी, बहन ऊषा अवस्थी, देवरानी साधना तिवारी समेत अन्य इष्टमित्र मौजूद रहे। बता दें कि सेंगर दंपति पीलीभीत मेडिकल कॉलेज को पहला देहदान 17 अक्टूबर 2024 को दीन दयालनगर कानपुर के राम प्यारे शुक्ल, दूसरा देहदान पांच मार्च 2025 को गांधीग्राम जीटी रोड कानपुर के प्रेम चंद पाठक, तीसरा देहदान एक अगस्त 2025 को फतेहपुर के रामशंकर गुप्ता और चौथा देहदान 16 अगस्त 2025 को कानपुर देहात के शंकरलाल का किया था।


सेंगर दंपती से देहदान संबंधी पत्रक स्वीकार करतीं डॉ.अर्चना सिंह, डॉ. अरुण सिंह और डॉ. फरीद। • अमृत विचार

- 2003 में की थी युग दधीचि देहदान अभियान की शुरुआत

### 18 साल बाद पूरा हुआ आशा का संकल्प

बता दें कि 18 साल पूर्व वर्ष 2008 में आशा देवी ने देहदान शपथपत्र भरा था। वह परिवार को सख्त ताकीद करती रहतीं थीं कि उनका देहदान अवश्य कराया जाए। नौ फरवरी की शाम संक्षिप्त बीमारी के चलते उनका निधन हो गया। इसके बाद परिजनों द्वारा अभियान प्रमुख मनोज सेंगर को सूचना देकर देहदान संकल्प पूरा कराने का आग्रह किया गया। सेंगर ने अपनी पत्नी एवं अभियान की महासचिव माधवी सेंगर से परामर्श कर देह को पीलीभीत मेडिकल कॉलेज को देने का निर्णय लिया। रात में ही समस्त आवश्यक परिपत्र पूर्ण करने के बाद सेंगर दंपति दिवंगत आशा के निवास पर 10 फरवरी की सुबह एंबुलेंस लेकर पहुंचे। पार्थिव देह की आरती, पुष्पांजलि एवं शांतिपाठ करा कर सुबह साढ़े नौ बजे कानपुर से चले और शाम को पीलीभीत मेडिकल कॉलेज पहुंचकर प्राचार्या डॉ. संगीता अनेजा, एनाटॉमी विभागाध्यक्ष डॉ. अर्चना सिंह, उप प्राचार्य डॉ. अरुण सिंह, डॉ. फरीद आद चिकित्सकों द्वारा देह को सम्मान सहित स्वीकार किया गया।

# कार्यशाला में बच्चों को किया जागरूक


स्प्रिंगडेल कॉलेज में आयोजित कार्यशाला में विद्यार्थियों को जानकारी देते शिक्षक। • अमृत विचार

संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** स्प्रिंगडेल कॉलेज में मंगलवार को सेफ इंटरनेट डे उत्साह के साथ मनाया गया। सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के शिक्षक गौरव कुमार ने कार्यशाला का आयोजन किया। इसमें विद्यार्थियों को इंटरनेट के सुरक्षित उपयोग के बारे में जानकारी दी गई।

कार्यशाला में साइबर खतरों की पहचान, सुरक्षित इंटरनेट व्यवहार, पासवर्ड सुरक्षा, फिशिंग से बचाव, सोशल मीडिया गोपनीयता, डिजिटल सुरक्षा आदि विषयों पर चर्चा की गई। विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से सिखाया गया कि किस प्रकार वे स्वयं को साइबर अपराधों से सुरक्षित रखा जा सकता है। प्राचार्य प्रिया आनंद ने कहा कि इंटरनेट आज जीवन का अभिन्न हिस्सा बन चुका है। मगर, इसके सुरक्षित उपयोग की जानकारी होना बेहद जरुरी है। बताया कि जिम्मेदार ऑनलाइन व्यवहार ही हमें सुरक्षित रख सकता है। निदेशक हेमंत जगोता ने कहा कि स्मार्ट और सुरक्षित इंटरनेट उपयोगकर्ता बनना चाहिए ताकि डिजिटल दुनिया में आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ सकें।

- सेफ इंटरनेट डे पर स्प्रिंगडेल कॉलेज में इंटरनेट के सुरक्षित उपयोग की दी जानकारी

## शहर में आज

- शैक्षिक भ्रमण आईवीआरआई बरेली जाएंगे परिषदीय स्कूल के बच्चे सुबह 09 बजे।
- पुलिस लाइन समेत चार स्थानों पर परिवार परामर्श केंद्र शिविर।
- मुड़िया हुलास गांव में श्रीशतचंडी महायज्ञ एवं मानस वेदांत संत सम्मेलन दोपहर 01 बजे।
- समस्त राशन की दुकानों पर राशन सुबह 08 बजे से।

## न्यूज ब्रीफ

### बच्चियों को हिमालया और एजुकेशन किट बांटी



पीलीभीत, अमृत विचार : मरौरी ब्लॉक में बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक मंगलवार को हुई। इसकी अध्यक्षता ब्लॉक प्रमुख सभ्यता वर्मा ने की। संरक्षण अधिकारी रमनदीप कौर ने बताया कि ब्लॉक बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति के माध्यम से जनपद के जरूरतमंद बच्चों को योजनाओं से जोड़ना है। मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना एवं स्पॉन्सरशिप योजना के बारे में जानकारी दी गई। उपस्थित महिलाओं को बाल विवाह के दुष्परिणाम बताये गए। बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत शपथ दिलाई गई। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के तहत सात नवजात बच्चियों को हिमालया किट व क्लास एक में अध्ययनरत सात बच्चियों को एजुकेशन किट बांटी गई। प्राथमिक विद्यालय रामनगर एवं पिपरिया में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत छात्र-छात्राओं को बाल विवाह के दुष्परिणाम बताकर जागरुक किया और शपथ दिलाई।

### ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार घायल

बीसलपुर, अमृत विचार : बीसलपुर-क्षेत्र के ग्राम बढ़ेरा निवासी नन्हेलाल का पुत्र देवेश कुमार बाइक से बीसलपुर आ रहा था। बिलसंडा मार्ग पर रेलवे क्रॉसिंग के पास पहुंचते ही ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी। हादसे में देवेश घायल हो गया। उसे सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

# सड़क दुर्घटना में एक की मौत, 24 घायल

## असम हाईवे पर गजरौला क्षेत्र में सकरिया चौराहा के पास भारत-नेपाल मैत्री बस और ट्रक में हुई टक्कर

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- नेपाल से बस में सवार होकर दिल्ली जा रहे थे श्रमिक

**अमृत विचार:** कोहरे के बीच वाहनों की रफ्तार और सड़कों पर घूम रहे छुट्टा पशु एक बार फिर हादसे की वजह बन गई। असम हाईवे पर ट्रक और नेपाली नागरिकों से भरी बस में टक्कर हो गई। हादसे में एक बालक की मौत हो गई, जबकि 24 लोग घायल हो गए। उन्हें जिला अस्पताल भिजवाया गया। अधिकारियों ने मौका मुआयना और फिर अस्पताल पहुंचकर जानकारी की। इस दौरान कुछ अव्यवस्थाएं भी उजागर हुई।

हादसा गजरौला थाना क्षेत्र में सकरिया चौराहा के पास मंगलवार तड़के करीब दो बजे हुआ। बताते हैं कि पूरनपुर की तरफ से भारत-नेपाल मैत्री बस आ रही थी। इधर, पीलीभीत की तरफ से एक ट्रक पूरनपुर की ओर जा रहा था। उस दौरान कोहरा अधिक था और वाहनों की रफ्तार भी थी। इसी बीच अचानक सड़क पर विचरण कर रहे छुट्टा पशु को बचाने के दौरान बस और ट्रक की टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि ट्रक सड़क पर ही पलट गया जबकि बस भी सड़क किनारे जाकर पलट गई। बस में सवार सभी नागरिक नेपाल के थे और दिल्ली मजदूरी करने के लिए जा रहे थे। हादसे के बाद चीख पुकार मच गई। कुछ ही देर में राहगीरों व आसपास ग्रामीण मौके पर जमा हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस भी पहुंच गई। आनन-फानन में घायलों को बस से निकालकर पूरनपुर सीएचसी भेजा गया। प्राथमिक इलाज के बाद सीएचसी से सभी को मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। हादसे में नेपाल के रहने वाले 11 वर्षीय सुभान पुत्र सूरज की मौत हो गई। जबकि अन्य को भर्ती कर इलाज किया गया। ट्रक चालक को भी चोटें आई। पुलिस व परिवहन विभाग के अधिकारियों ने मौका मुआयना कर जानकारी की। हादसे के चलते खलबली मची रही।



हादसे के बाद मेडिकल कॉलेज में घायलों के हाल जानते सीओ यातायात विधि भूषण मौर्य। ● अमृत विचार

### ये 24 बस सवार नेपाली नागरिक हुए घायल

हादसे में घायल हुए बस सवार नेपाली नागरिकों में हरिबहादुर (36), हुकुम (39), भीम बहादुर (68), कृष्ण (40), हरिओम (36), सुनीत (30), गोपाल (54), गोविंद (35), जमुना (40), गुप्त बहादुर (45), कविता (27), जन्तौरी (67), प्रदीप (23), रामऔतार (22), जोगराज (65), विमला (50), एमी (15), पूजा (50), रामऔतार (36), सूरज (32), पद्मश्री (60), सालिन (06), लव कुमार (10) और देव बहादुर (24) थे।

### जिला अस्पताल में अफसरों ने पहुंचकर जाना हाल

घायलों को सीएचसी से रेफर किए जाने के बाद मेडिकल कॉलेज में भर्ती करा दिया गया था। हादसे की जानकारी पर मेडिकल कॉलेज में पहले ही स्टाफ को अलर्ट कर दिया गया था। सभी घायलों को भर्ती कराया गया। सीओ यातायात विधि भूषण मौर्य ने अस्पताल पहुंचकर घायलों के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी की गई। बताते हैं कि इस दौरान स्वास्थ्य विभाग से जुड़ी कुछ अव्यवस्थाएं भी रही। काफी देर तक अधिकारियों को मौजूदा स्टाफ घायलों से जुड़ी जानकारी नहीं दे सका था। हालांकि बाद में भर्ती किए गए घायलों का हाल-चाल लिया गया।

# स्मार्ट मीटर की खामियां बता सकेंगे उपभोक्ता

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- नौ फरवरी से 23 फरवरी तक चलेगा पखवाड़ा अभियान, घर-घर जाएंगी टीमें

**अमृत विचार :** स्मार्ट मीटर को लेकर फैली भ्रांतियों और शंकाओं को दूर करने के लिए पावर कारपोरेशन ने अब सीधा उपभोक्ताओं के दरवाजे तक पहुंचने का फैसला किया है। स्मार्ट मीटर की रीडिंग, बिलिंग और तकनीकी दिक्कतों को लेकर उठ रहे सवालों के समाधान के उद्देश्य से जिले में नौ फरवरी से 23 फरवरी तक स्मार्ट मीटर पखवाड़ा शुरू किया है। इस विशेष अभियान के जरिए न सिर्फ उपभोक्ताओं को सही जानकारी दी जाएगी, बल्कि उनके विश्वास को भी मजबूत करने की कोशिश होगी।

बता दें कि जिले में 50 हजार से अधिक उपभोक्ताओं के घर स्मार्ट मीटर लग चुके हैं। इसमें शहर में करीब 20 और ग्रामीण में 30 हजार उपभोक्ताओं के घर व प्रतिष्ठान पर स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके है। स्मार्ट मीटर को लेकर तमाम भ्रांतियां फैली हुई है। इसको लेकर कई बार विवाद की स्थिति भी बन चुकी है। कुछ दिन पहले स्मार्ट मीटर को लेकर व्यापारियों ने भी विरोध जताया था। इसको लेकर शासन के निर्देश पर स्मार्ट मीटर को लेकर नौ से 23 फरवरी जागरुकता पखबाड़ा शुरू किया है। जिसके तहत टीमें शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में घर-घर जाकर स्मार्ट मीटर का लाइव डेमो देंगी। इस दौरान उपभोक्ताओं को बताया जाएगा कि स्मार्ट मीटर किस प्रकार कार्य करता है, रियल टाइम बिजली खपत कैसे देखी जा सकती है और प्रीपेड व्यवस्था से किस तरह बिजली बिल पर नियंत्रण संभव है। अभियान के दौरान उपभोक्ताओं की ओर से अगर तेज रीडिंग, गलत बिलिंग या सर्वर से जुड़ी कोई शिकायत सामने आती है, तो उसे मौके पर ही लिखित रूप में दर्ज किया जाएगा। इन सभी शिकायतों की विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर उनके निस्तारण की प्रक्रिया भी शुरू की जाएगी। अधिसाशी अभियंता आशीष यादव ने बताया कि इस अभियान से उपभोक्ताओं और विभाग के बीच संवाद मजबूत होगा। मौके पर सही जानकारी मिलने से उपभोक्ता अपने बिजली बिल को बेहतर तरीके से नियंत्रित कर सकेंगे। 23 फरवरी तक चलने वाले इस अभियान में प्राप्त फीडबैक के आधार पर आगे की कार्ययोजना तैयार की जाएगी।

# खेड़ा गांव में युवक ने लगाया फंदा, मौत

संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** एक युवक ने फंदे से लटककर खुदकुशी कर ली। मृतक के भाई से मिली सूचना पर जहानाबाद पुलिस ने जानकारी की। शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना के बाद परिवार में चीख पुकार मची रही।

घटना जहानाबाद क्षेत्र के ग्राम खेड़ा की है। यहां के रहने वाले अजयपाल पुत्र गजराज का शव मंगलवार सुबह घर में ही फंदे से लटका मिला। परिवार वाले उसे तलाशते हुए पहुंचे और शव फंदे से लटका देखा तो होश उड़ गए चीख पुकार मच गई। कुछ ही देर में मौके पर भीड़ जमा हो गई। इसकी सूचना मृतक के भाई कस्तूरी सिंह ने पुलिस को दी। जहानाबाद पुलिस ने मौका मुआयना कर जानकारी की। हालांकि खुदकुशी के पीछे वजह को लेकर परिवार वाले भी कुछ खास नहीं बता सके। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### खुदकुशी के लिए मजबूर करने के आरोप में बदायूं के युवक के खिलाफ एफआईआर दर्ज

पीलीभीत, अमृत विचार : करीब दस दिन पूर्व फंदे से लटककर ट्रांसजेंडर के खुदकुशी करने के मामले में कानूनी कार्रवाई की गईहै। सुनगढ़ी पुलिस ने मृतक के भाई की तहरीर पर बदायूं के युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।कोतवाली बीसलपुर क्षेत्र के एक व्यक्ति ने सुनगढ़ी पुलिस को तहरीर देकर बदायूं जिले के बिसौली थाना क्षेत्र के ग्राम देवतरा निवासी छोटू वर्मा पुत्र सोमपाल वर्मा के खिलाफ खुदकुशी के लिए उकसाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। जिसमें बताया कि उसका सुनगढ़ी क्षेत्र में किराए के मकान में रहता था। झांकी व जागरण कार्यक्रमों में कलाकार के रूप में काम करता था। इसी दौरान उनकी पहचान छोटू वर्मा से हुई, जिससे उनके शारीरिक संबंध भी बनाए। आरोप है कि करीब सात लाख रुपये भी आरोपी ने उधार लिए थे। जब रुपये वापस मांगे गए तो आरोपी ने टालमटोल शुरू कर दी और रुपये देने से साफ इनकार कर दिया। आरोप है कि इसी दौरान आरोपी ने उनके भाई को खुदकुशी के लिए उकसायासा और इसी में पीड़ित के भाई ने जान दे दी। इंस्पेक्टर सुनगढ़ी नरेश त्यागी ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

# राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की शुरुआत

**बिलसंडा, अमृत विचार :** राजकीय महाविद्यालय में मंगलवार को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की शुरुआत की गई। प्राचार्य दिनेश चंद्रा, बरेली कॉलेज के प्रोफेसर भूपेंद्र सिंह ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पुष्प अर्पित किए। छात्रों को पूर्ण मनोयोग से राष्ट्रीय सेवा योजना से जुड़ने को प्रेरित किया गया। कौशल विकास के लिए युवा विषय पर स्वयंसेवकों द्वारा रैली निकाली गई। प्रोफेसर नरेंद्र कुमार बत्रा, राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई प्रभारी डॉ. दिनेश कुमार, डॉ. सतेंद्र कुमार, अनुजा अग्रवाल, वरिष्ठ लिपिक सत्यभान सिंह, सुरेंद्र प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।

# सिपाही ने युवक को बंधक बनाकर पीटा

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- पूरनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव पिपरिया जयभद्र की घटना, वसूली रकम
- एसपी के आदेश पर सीओ कार्यालय में दर्ज हुए पीड़ित के बयान

**अमृत विचार :** पेड़ चोरी होने के मामले में एक युवक का आरोप है कि पूरनपुर के सिपाही ने हिरासत में ले लिया। इसके बाद उसे थाने में स्थित एक कमरे में बंद कर मारपीट की गई। दबाव बनाते हुए उससे 30 हजार रुपये की वसूली की गई। पीड़ित की ओर से एसपी से शिकायत की गई। एसपी ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए सीओ पूरनपुर को जांच करने के निर्देश दिए हैं। शिकायतकर्ता का बयान भी दर्ज किया गया है।

कोतवाली क्षेत्र के पिपरिया जयभद्र निवासी धर्मवीर ने एसपी को शिकायती पत्र देकर बताया कि सात फरवरी को वह पूरनपुर कोतवाली क्षेत्र के तिरंगा चौराहा पर स्थित फर्नीचर की दुकान पर पेंट का काम कर रहे थे।

इसी दौरान दोपहर करीब 12 बजे उसे पूछताछ के बहाने एक सिपाही उसे पूरनपुर कोतवाली ले जाया गया। आरोप है कि कोतवाली के पीछे स्थित एक कमरे में उसे बंद कर दिया गया। पीड़ित ने बताया कि उस पर किसी व्यक्ति का पेड़ काटने का आरोप लगाया और इसी को लेकर उसके साथ मारपीट की गई। करीब पांच घंटे तक कमरे में बंधक बनाकर रखा गया।

उसे छोड़ने के नाम पर 30 हजार रुपये वसूले गए। शिकायत करने पर फर्जी मुकदमे में फंसाने का आरोप लगाया। एसपी ने इस मामले की जांच सीओ पूरनपुर को दी है।

# बेटे के हत्यारोपियों की नहीं हुई गिरफ्तारी, लगाई गुहार

संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** गैर इरादतन हत्या की धाराओं में 49 दिन पूर्व सुनगढ़ी थाने में दर्ज की गई एफआईआर में नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। मृतक के परिवार ने अब नवागत एसपी से न्याय की गुहार लगाई है।

शहर के मोहल्ला वशीर खां के निवासी शेरा पुत्र छोटेलाल ने अब नवागत एसपी से न्याय की गुहार लगाई है। शिकायत देकर बताया कि 18 दिसंबर को उसके पुत्र रोहित कुमार को दुकान पर काम करने वाला चेतराम, एक मिठाई की दुकान पर काम करने वाला रोशन लाल बुलाकर ले गया। दोनों ने पुत्र को शराब पिलाई। रात करीब साढ़े दस बजे पुत्री नैना के पास चेतराम के पुत्र अंकित ने कॉल कर कहा कि रोहित को आकर ले जाओ। पीड़िता अपनी पुत्री के साथ चेतराम के घर गए तो रोहित के सिर में चोट लगी हुई थी। जब इसके बारे में पूछा तो वह कोई जवाब नहीं दे सके। पुत्र को वह घर ले आई ओर दूसरे दिन सुबह डॉक्टर को दिखाया, वहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। सुनगढ़ी पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। जिसमें पुत्रकी मौत सिर में आई चोट से बताया गया। आरोप है कि उनके पुत्र रोहित से चेतराम, उसके पुत्र अंकित, विपिन, आकाश और सोनू ने मारपीट की थी। सुनगढ़ी थाने में 23 दिसंबर को एफआईआर दर्ज कराई गई। गिरफ्तारी नहीं की । आरोपियों पर लगातारधमकाने का आरोप लगाते हुए न्याय की गुहार लगाई।

# किशोरी को अगवा कर सामूहिक दुष्कर्म का आरोप

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- पुलिस ने दर्ज की एफआईआर एक आरोपी हिरासत में लिया

**अमृत विचार :** चाचा के घर से लौट रही 15 वर्षीय किशोरी को आरोप है कि तीन युवक तमंचे के बल पर अगवा कर ले गए। इसके बाद गांव के बाहर गन्ने के खेत में लेजाकर सामूहिक दुष्कर्म किया। किशोरी के पिता की ओर से रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने एक आरोपी को हिरासत में लिया है।

थाना अमरिया क्षेत्र के एक ग्रामीण ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि नौ फरवरी की सुबह 11 बजे उसकी 15 वर्षीय पुत्री अपने चाचा के घर गई थी। पड़ोस की एक महिला के आने के बाद उसकी पुत्री दरवाजे पर पहुंची। तभी पहले से घात लगाकर खड़े सलमान शाह पुत्र रियासत शाह ने उसकी पुत्री को तमंचा दिखाकर धमकाया। इसके बाद सलमान ने अपने साथी फिरोज शाह और समीर की मदद से उसकी पुत्री को बाइक पर बैठा कर ले गए। आरोपियों ने गन्ने के खेत में ले जाकर पुत्री के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। पुत्री ने किसी तरह नहर में कूदकर अपनी जान बचाई और घर पहुंचकर जानकारी दी। एसओ अमरिया अमित सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर विवचेना की जा रही है। एक आरोपी को हिरासत में लिया गया है।

# वार्ड नंबर 22 में सड़क का किया लोकार्पण



सड़क का लोकार्पण करतीं चेयरमैन डॉ .आस्था अग्रवाल। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- 28 दिन अट्ठाइस लोकार्पण अभियान का नागरिकों ने जताया आभार

**अमृत विचार :** नगर पालिका द्वारा शहर के विकास को गति देने के उद्देश्य से चलाए जा रहे 28 दिन, अट्ठाइस लोकार्पण अभियान के तहत तीसरे दिन मंगलवार को वार्ड नंबर 22 मोहल्ला कबीर खां में अमजद पेंट की दुकान से हरीश कुमार शर्मा के मकान तक नवनिर्मित सीसी सड़क मार्ग एवं नाली निर्माण कार्य का लोकार्पण नगर पालिकाध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल ने फीता काटकर किया। शिलापट का अनावरण किया गया।

नगरपालिकाध्यक्ष ने कहा कि शहर के प्रत्येक वार्ड में मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए कार्य कराया जा रहा है। लंबे समय से क्षेत्रवासियों को सड़क और जल निकासी की समस्या का सामना करना पड़ रहा था, जिसे देखते हुए इस निर्माण कार्य को प्राथमिकता पर कराया गया है। आठ मार्च तक शहर के विभिन्न क्षेत्रों में सड़क, नाली, पार्क निर्माण एवं सौंदर्यीकरण जैसे कार्यों का लोकार्पण किया जाएगा। नगर पालिका का उद्देश्य शहर को स्वच्छ, सुंदर और व्यवस्थित बनाना है। स्थानीय लोगों ने सड़क नाली निर्माण पर आभार जताया। इस मौके पर सभासद इकबाल हजरत, साकेत सक्सेना, अवतार सिंह मोनू, नंदकिशोर, गोपाल आदि मौजूद रहे।

# संदिग्ध हालात में किशोरी की मौत

**पीलीभीत, अमृत विचार :** किशोरी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उसके जहरीला पदार्थ खाकर खुदकुशी करने की आशंका जताई जा रही है। फिलहाल पुलिस शव पोस्टमार्टम को भेज जांच कर रही है। घटना सुनगढ़ी क्षेत्र की है। यहां की रहने वाली 15 वर्षीय किशोरी को परिवार वाले मंगलवार सुबह जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। वहां चिकित्सक ने जहर खाए होने का अंदेशा जताते हुए इलाज शुरू किया। इलाज के दौरान किशोरी की मौत हो गई। इसकी सूचना मिलने पर इंस्पेक्टर सुनगढ़ी नरेश त्यागी पहुंचे और जानकारी की। पुलिस की अभी तक की जांच में सामने आया है कि किशोरी का थाना जहानाबाद क्षेत्र के एक युवक से प्रेमप्रसंग था। उसकी ननिहाल किशोरी के गांव में ही है। इसी दौरान दोनों संपर्क में आ गए थे। इसी में खुदकुशी की आशंका जताई जा रही है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।




# भोपाल और दिल्ली से दो और जालसाज गिरफ्तार

## फर्जी कॉल सेंटर : घुंघचिहाई थाना पुलिस ने साइबर सेल की मदद से की धरपकड़, 7 मोबाइल, एक लैपटॉप व एक पासपोर्ट बरामद

संवाददाता, पीलीभीत/घुंघचिहाई

**अमृत विचारः** फर्जी कॉल सेंटर संचालित कर गेमिंग एप (एविएटर, रम्मी) के जरिए साइबर ठगी करने वाले गिरोह की धरपकड़ को लेकर चलाए जा रहे अभियान के दौरान सर्विलांस टीम की मदद से घुंघचिहाई पुलिस ने दो और आरोपी धर दबोचे। उनके पास से सात मोबाइल, एक लैपटॉप, एक पासपोर्ट समेत अन्य सामान की बरामदगी की गई है।

एनसीआरपी पोर्टल से प्राप्त घुंघचिहाई क्षेत्र के पॉश वेरिफिकेशन और साइबर अपराधों में लिप्त बैंक खातों की छानबीन के दौरान सामने आया था कि घुंघचिहाई क्षेत्र में संचालित गौरव शर्मा के जनसेवा केंद्र को होल्ड किया गया है। इसके बाद तीन दिसंबर 2025 को घुंघचिहाई पुलिस ने साइबर ठगी करने वाले अमृतपाल सिंह गिरोह के तीन सदस्य को गिरफ्तार किया था। उनके पास से नौ मोबाइल, दो लैपटॉप, 59500 रुपये आदि बरामद हुए थे। इसके बाद पांच दिसंबर को छह अन्य जालसाजों को गिरफ्तार कर 13 मोबाइल, 13 लैपटॉप, दो कंप्यूटर, एलईडी, एक प्रिंटर, खुरचे हुए दो सिम, एक सिम यूएई का, आधार कार्ड आदि बरामद किए गए थे। जांच में सामने आया था कि आरोपी अमृतपाल का सगा भाई अर्शदीप भी गिरोह में सक्रिय था और उसके बैंक खातों को कर्नाटक, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल, बिहार, उड़ीसा आदि से आई कुल 11 शिकायतों के बाद होल्ड कर दिया गया। इस पर 31 दिसंबर को आरोपी अर्शदीप को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। बड़े स्तर पर फर्जी कॉल सेंटर चलाकर ठगी का का मामला उजागर होने पर गहनता से विवेचना की गई। इसी दौरान संज्ञान में आया कि उक्त गिरोह के सरगना हर्षित उर्फ तनिश निवासी भोपाल और आशुतोष मिश्रा उर्फ आशु उर्फ पंकज निवासी दिल्ली जो कि मूल रुप से उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर जनपद का रहने वाला है, जोकि फिर सक्रिय हो गए हैं। इस पर टीम ने सुरागरसी की और साक्ष्य जुटाए। जिसके बाद नौ फरवरी को आरोपी हर्षित उर्फ तनिश को भोपाल से धर दबोचा। उसके पास से तीन मोबाइल, एक लैपटॉप बरामद किया गया। वहीं, दिल्ली के मालवीय नगर में दबिश दी गई और आरोपी आशुतोष कुमार को भी पकड़ लिया। उसके पास से मोबाइल समेत अन्य सामान की बरामदगी की गई। दोनों को टीम पीलीभीत लेकर आई और पूछताछ की। आरोपी पूर्व में हुई धरपकड़ की कार्रवाई के दौरान फरार हो गए थे। फिर तनिश ने अपना नया ठिकाना भोपाल और आशुतोष ने मालवीय नगर दिल्ली में गिरोह का संचालन शुरू कर रहा था। ये दोनों भी दुबई से फर्जी गेमिंग एवं का कॉल सेंटर चलाना सीखकर आए थे। इन्होंने भी खुद कॉल सेंटर में पूर्व में नौकरी की थी। होटलों में फर्जी आधार कार्ड लगाकर रुका करते थे, ताकि असल पहचान उजागर न हो। इंस्पेक्टर जयशंकर सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों को जेल भेज दिया है।


घुंघचिहाई थाना पुलिस की गिरफ्त में पकड़े गए जालसाज। ● अमृत विचार

### सिम कार्ड तो कोई मुहैया कराता बैंक एकाउंट

पकड़े गए जालसाजों ने बताया कि दुबई में साइबर ठगी का काम सीखने के बाद वह अमृतपाल, चक्र खड़का, विक्रांत उर्फ विक्की आदि को काम सिखाया। अमृतपाल, विक्रांत उर्फ विक्की व मनजीत को नए कॉल सेंटर शुरू करने के लिए पीलीभीत व रुद्रपुर उत्तराखंड भेज दिया था। गिरोह ने फेसरप्ले 247 .गेम्स बेवसाइट पर फ्रोजन सॉफ्टवेयर के द्वारा डायलर के माध्यम से साइबर ठगी शुरू कर दी। कुछ सदस्य ठगी के लिए खाते मुहैया कराते तो कोई सिम कार्ड ब्लैक में देता था। अमृतपाल और मनजीत के गिरोह के पकड़े जाने के बाद वह भाग गए थे और अब बेफ्रिक होकर पुराने अड्डों पर रहने लगे थे। शुरुआत में गेम जिताकर रकम देते और फिर खातों की डिटेल जुटाकर रकम उड़ा लिया करते थे।

### दुबई-दिल्ली से गिरोह का संचालन, प्रति माह दो करोड़ मुनाफा

बताते हैं कि सरगना दुबई और दिल्ली से गिरोह का संचालन कर रहे हैं। अमृतपाल की गिरफ्तारी के बाद इन लोगों ने बेवसाइट की लॉगइन आईडी व पासवर्ड ब्लॉक कर दिया था। चक्र खड़का गिरोह के लिए अकाउंट मेनटेन किया करता था। लैपटॉप में मौजूद फेयर प्ले एप में गेम खेलने वाले करीब 50 हजार लोगों ने ऑनलाइन किया था, जिसमें 20 हजार ने रुपये इन्वेस्ट किए थे। अभी तक की पड़ताल पर गौर करें तो विक्रांत उर्फ विक्की और चक्र खड़का के मोबाइल में मौजूद 11739 नंबर से करीब 05 करोड़ 54 लाख 40 हजार 242 रुपये इन्वेस्टमेंट किए गए थे। प्रतिदिन करीब 15 से 16 लाख रुपये का गेम लोगों को खिलवाते थे। इसमें सात-आठ लाख रुपये कस्टमर को वापस करते और बकाया मुनाफा होता था। प्रतिमाह करीब दो करोड़ का मुनाफा ठगी के माध्यम से कमाते थे। ठगी से कमाए रुपये के बाद महंगे शौक पूरा करते थे। अभी भी पुलिस बरामद हुए मोबाइल लैपटॉप की मदद से साक्ष्य जुटाने में लगी है।

## न्यूज ब्रीफ



### बच्चों को खिलाई एल्बेंडाजोल की गोलियां

**पीलीभीत, अमृत विचार :** शासन के निर्देश पर मंगलवार से राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम की शुरुआत की गई। शहर के कंपोजिट विद्यालय नखासा में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे डीएम ज्ञानेन्द्र सिंह ने अभियान की शुरुआत कराई। छात्र छात्राओं को एल्बेंडाजोल की गोली का महत्व बताया। बच्चों को एल्बेंडाजोल की गोली खिलाई गई। बताया कि राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का मापअप राउंड तेरह फरवरी को चलेगा। जिसमें समस्त छूटे हुए बच्चों को एल्बेंडाजोल की गोली खिलाई जाएगी। इस कार्यक्रम के अंतर्गत समस्त सरकारी, निजी विद्यालयों, आंगनबाड़ी केंद्रों पर पंजीकृत बच्चों को एल्बेंडाजोल की गोली खिलाई जाएगी। इस अभियान में 1045800 का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस मौके पर सीएमओ डॉ .आलोक कुमार, बीएसए रोशनी सिंह आदि मौजूद रहे।

### लाट साहब जुलूस मार्ग का किया निरीक्षण

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** होली पर्व के दौरान निकाले जाने वाले लाट साहब के जुलूस को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह की ओर से पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी के साथ नगर क्षेत्र में जुलूस मार्ग का पैदल भ्रमण कर निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने शहर कोतवाली से चार खंबा चौराहा होते हुए केरूगंज चौराहा तक जुलूस मार्ग का पैदल मार्च कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान नगर आयुक्त डॉ. विपिन कुमार मिश्र, अपर जिलाधिकारी प्रशासन रजनीश कुमार मिश्र, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अरविंद कुमार, नगर मजिस्ट्रेट पर्वेंद्र कुमार, पुलिस अधीक्षक नगर एवं ग्रामीण, संबंधित पुलिस क्षेत्राधिकारी, लाट साहब जुलूस के आयोजक और क्षेत्र के नागरिक मौजूद रहे। जिलाधिकारी ने जुलूस मार्ग पर विद्युत विभाग से संबंधित समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए ढीले और लटके तारों को तत्काल ठीक कराने, ट्रांसफार्मरों को सुरक्षित रूप से ढकने, मार्ग में अवरोध उत्पन्न कर रही अस्थायी और स्थायी बाधाओं को हटाने तथा सड़क पर मौजूद गड्ढों को भरने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ समय से व्यवस्थाएं पूर्ण करने के निर्देश दिए, ताकि जुलूस के दौरान किसी भी प्रकार की असुविधा न हो।

## जनगणना-2027 का पहला चरण 22 मई से होगा शुरू

**पीलीभीत, अमृत विचारः** जनगणना 2027 का पहला चरण 22 मई से शुरू होगा। यह जानकारी डीएम की अध्यक्षता में जनगणना-2027 की तैयारियों को लेकर संपन्न हुई जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक दी गई।

गांधी सभागार में मंगलवार को डीएम ज्ञानेंद्र सिंह की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त ने बताया कि जनगणना-2027 का प्रथम चरण 22 मई से 20 जून तक होगा। उन्होंने जनगणना गतिविधि की निगरानी, कार्मिकों की भूमिका अनुसार आईडी, सभी प्रकार के प्रशिक्षण, ब्लाक गठन, सुपरवाइजर वृत्त आवंटन, प्रगणक को मकान सूची का आवंटन, नियुक्ति पत्र एवं पहचान पत्र तैयार करना, ग्राम रजिस्टर, टाउन रजिस्टर एवं चार्ज रजिस्टर निर्माण, जनगणना फीड कार्य आदि की विस्तार से जानकारी दी। बैठक में सीडीओ राजेंद्र कुमार श्रीवास, एडीएम वित्त प्रसून द्विवेदी, डीडीओ संजय कुमार, एआर सहकारिता डॉ. प्रदीप कुमार, बीएसए रोशनी सिंह, जिला क्रीड़ा अधिकारी जयवीर सिंह समेत अन्य जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## हरदोई जाना होगा आसान शुरू होगी रोडवेज बस

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

● मार्ग का सर्वे पूरा होने के बाद शुरू किया जाएगा बस संचालन

**अमृत विचारः** अब जनपदवासियों को हरदोई तक जाने की राह आसान होने वाली है। स्थानीय रोडवेज डिपो जल्द ही हरदोई तक के लिए रोडवेज बस सेवा शुरू करने जा रहा है। इसको लेकर डिपो प्रशासन की ओर से सर्वे किया जा रहा है। सर्वे पूरा होने के बाद बस संचालन शुरू करा दिया जाएगा।

स्थानीय रोडवेज डिपो से 103 बसों का संचालन किया जा रहा है। यह बसें दिल्ली, लखनऊ, कानपुर, मथुरा, टनकपुर, हल्द्वानी, रुद्रपुर समेत अन्य रूटों पर संचालित की जा रही है। इसमें सर्वाधिक बसें बरेली एवं दिल्ली रूट चलाई जा रही है। इधर जनपद से हरदोई जिले के लिए कोई सीधी बस सेवा न होने के कारण यात्रियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। जनपद से तमाम लोग व्यापार आदि के सिलसिले में हरदोई आते- जाते है। सीधी बस सेवा न होने से उन्हें टुकड़ों में सफर तय करना पड़ रहा था। जनपद से हरदोई तक के लिए सीधी बस सेवा शुरू कराने को लेकर स्थानीय लोग भी लंबे अरसे मांग करते आ रहे थे। यात्रियों की सुविधा को देखते हुए स्थानीय डिपो प्रशासन ने अब स्थानीय डिपो से हरदोई तक सीधी बस सेवा शुरू करने का निर्णय लिया है। इसको लेकर मार्ग पर सर्वे भी शुरू कर दिया गया है। स्थानीय रोडवेज डिपो के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक विपुल पाराशर ने बताया कि हरदोई के लिए बस संचालन शुरू करने को लेकर सर्वे कार्य किया जा रहा है। जल्द ही बस का संचालन शुरू कराया जाएगा।

## धनाराघाट पुल का रास्ता साफ, वन भूमि पर खड़े 222 पेड़ कटेंगे

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** ट्रांस शारदा क्षेत्र की करीब ढाई लाख आबादी को राहत पहुंचने के लिए शारदा नदी पर प्रस्तावित धनाराघाट पुल के निर्माण की राह अब आसान हो गई है। बीते दिवस मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई स्टेट बोर्ड फॉर वाइल्ड लाइफ की बैठक में पीलीभीत टाइगर रिजर्व क्षेत्र में खड़े वृक्षों के पातन संबंधी प्रस्ताव को हरी झंडी दे दी गई। बता दें कि निर्माणाधीन धनाराघाट पुल के पहुंच मार्ग के निर्माण में आरक्षित वन भूमि पर खड़े वृक्ष बाधा बन रहे थे। बैठक में अनुमोदन मिलने के बाद अब इन वृक्षों का कटान किया जा सकेगा। पिछले वर्ष जून में हुई स्टेट बोर्ड फॉर वाइल्डलाइफ की बैठक में पातन वाले वृक्षों की संख्या अधिक होने के चलते अनुमति नहीं मिल सकी थी।

पूरनपुर तहसील के ट्रांस शारदा क्षेत्र में 80 से अधिक गांवों में करीब ढाई लाख आबादी रहती है। आबादी के तहसील मुख्यालय आवागमन के लिए शारदा नदी पर हर साल पैंटून पुल बनाया जाता है। मानसून सीजन के दौरान बाढ़ की आशंका के चलते पैंटून पुल हटा लिया जाता है। करीब तीन से चार माह तक ट्रांस शारदा क्षेत्र का संपर्क तहसील एवं जिला मुख्यालय से कटा रहता है। ऐसे में यहां की आबादी 30 किमी की जगह 130 किमी लंबा चक्कर लगाकर तहसील मुख्यालय तक पहुंच पाती है। शारदा नदी पार क्षेत्र की आबादी करीब दो दशक से नदी पर पक्के पुल की मांग करती आ रही थीं। केंद्रीय मंत्री एवं पीलीभीत सांसद जितिन प्रसाद एवं अन्य जनप्रतिनिधियों के प्रयास से धनाराघाट पुल निर्माण को 02 अरब 69 लाख 29 हजार रुपये की धनराशि स्वीकृत की जा चुकी है। पुल निर्माण के लिए धनराशि आवंटित होने के बाद कार्यदायी संस्था की ओर से प्लांट लगाने के साथ पाइलिंग आदि का कार्य भी पूर्व शुरू किया जा चुका है। इधर जिस स्थान पर पुल का निर्माण कराया जाना है, वहां पीलीभीत टाइगर रिजर्व का कुछ हिस्सा आड़े आ रहा था। गत वर्ष धनाराघाट पर शारदा नदी सेतु पहुंच मार्ग, अतिरिक्त पहुंच मार्ग का निर्माण एवं सुरक्षात्मक कार्य के लिए 0.96 हेक्टेयर आरक्षित वन भूमि के 259 वृक्षों के पातन संबंधी प्रस्ताव तैयार कर वन विभाग को भेजा गया था। उस दौरान माना जा रहा था कि भेजे गए प्रस्ताव को जल्द ही मंजूरी मिल जाएगी और पुल का निर्माण कार्य तेजी से शुरू करा दिया जाएगा। मगर प्रस्तावित धनाराघाट पुल निर्माण की राह में रोड़ा अटक गया। दरअसल पिछले वर्ष जून माह में स्टेट बोर्ड फॉर वाइल्डलाइफ की बैठक धनाराघाट पुल निर्माण के लिए वन्यजीव क्लीयरेंस संबंधी प्रस्ताव रखा गया था, मगर इस प्रस्ताव में अधिक वृक्षों का पातन शामिल होने के कारण इसे अनुमोदन नहीं दिया गया था। इधर शासन के निर्देश पर संबंधित वन क्षेत्र में दोबारा सर्वे कराते हुए 222 वृक्षों के पातन संबंधी संशोधित प्रस्ताव भेजा गया था। इधर बीते दिवस मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में स्टेट बोर्ड फॉर वाइल्ड लाइफ की बैठक संपन्न हुई। बैठक में धनाराघाट पुल निर्माण के लिए वन्यजीव क्लीयरेंस संबंधी प्रस्ताव को हरी झंडी दे दी गई है। इस बात की पुष्टि पीलीभीत टाइगर रिजर्व के डिप्टी डायरेक्टर मनीष सिंह ने की है। ऐसे में धनाराघाट पुल के निर्माण में आ रही आखिरी बाधा को भी समाप्त कर दिया गया है। उम्मीद जताई जा रही है कि अब पुल का निर्माण तेज गति से हो सकेगा।


धनाराघाट पुल निर्माण के लिए खड़े पिलर।

● मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई स्टेट बोर्ड फॉर वाइल्ड लाइफ की बैठक में मिला अनुमोदन

### धनाराघाट पर बनेगा 3.287 किमी लंबा पुल

पूरनपुर-धौरी-कंचनपुर मार्ग पर धनारा घाट पर बनने वाले मुख्य पुल की लंबाई 3 .287 किमी होगी। वहीं पहुंच मार्ग भाग की लंबाई 200-200 मीटर रहेगी। धनाराघाट पुल बन जाने से पूरनपुर तहसील के हजारा, भरतपुर, अशोकनगर, अयोध्यापुरी, चंदननगर, लक्ष्मणनगर, नेहरूनगर, रामनगर, विनोवानगर, राघवपुरी, धर्मपुरी समेत 80 से अधिक गांवों के ग्रामीणों की राह आसान हो सकेगी। इसके साथ ही लखीमपुर खीरी के संपूर्णानगर, पलिया आने-जाने वालों को कम दूरी तय करनी होगी।

### गोरक्षा दल के सदस्यों ने गोवंशों को कराया रेस्क्यू

**पुवायां, अमृत विचार :** शाहजहांपुर रोड हाइवे किनारे गांव कुंवरपुर के पास दो दिन पहले गांव सुनारा खुर्द निवासी आदेश शर्मा ने कई गोवंशों को झुलसी अवस्था में देखा था। मामले की शिकायत जिलाधिकारी से की गई थी। इसके बाद उप जिलाधिकारी चित्रा निर्वाल ने खंड विकास अधिकारी को गोवंशों के उपचार के निर्देश दिए थे। इस घटना के तीसरे दिन एक बार फिर मामला उस समय गर्म हो गया जब गोरक्षा दल के लोग मौके पर पहुंचे। गोरक्षा दल के सदस्यों ने गोवंशों का रेस्क्यू करते हुए चेतावनी दी कि यदि पुलिस और प्रशासन द्वारा दोषियों के खिलाफ ठोस कार्रवाई नहीं की गई तो वे सड़क जाम करने को मजबूर होंगे। पुलिस ने इस मामले में रिपोर्ट दर्ज की है।

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

फोकस नेत्रालय
राजेन्द्र नगर, बरेली 731-098-7005

● 40,000 से अधिक सफल सर्जरी सम्पन्न
● बिना इंजेक्शन एनेस्थीसिया (केवल आई ड्राप्स द्वारा)
● आयुष्मान/सीजीएचएस/ईसीएचएस/सीएपीएफ सभी स्वास्थ्य बीमा मान्य
● कैशलेस ईलाज
बरेली का सबसे बड़ा केवल आँखों के लिए समर्पित प्राइवेट अस्पताल ...
नवीनतम AI तकनीक एवं NABH मान्यता के साथ

ADITYA आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें :-
बिना सुई बिना टांका आधुनिक लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा। TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
100000 से अधिक आंखों के आपरेशन का अनुभव
अल्ट्रासाउण्ड द्वारा पर्दे की जांच की सुविधा उपलब्ध
IOL Master 700 द्वारा लेंस का नम्बर
लेजर द्वारा आंख की झिल्ली हटाने की सुविधा उपलब्ध
बी स्केन द्वारा पर्दे की जांच उपलब्ध
OCT द्वारा काला पानी एवं पर्दे की जांच व उपचार
8077344353
समय : प्रातः 10 बजे से सायं 7 बजे तक (सोमवार से शनिवार)

डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB, MNAMS
CARARACT REFRATIVE & GLAUCOMA SURGERON
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री आपरेशन की सुविधा
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाईपास, बरेली

स्वास्थ्य जागरूकता अभियान
नि : शुल्क परामर्श
महीने के प्रत्येक रविवार को
समय : सुबह 10 से 5 बजे तक
कैम्प में समस्त ब्लड जाँचें, ई.सी.जी., एक्स-रे 50% के छूट पर किये जायेंगे।
रजिस्ट्रेशन शुल्क 20/-
प्रेमलोक हॉस्पिटल
नरियावल अड्डा, शाहजहाँपुर रोड, बरेली।
डॉ. दीपक माहेश्वरी
MBBS., MD, Consultant Physucuan & Critical Care Specialist
ब्लड प्रेशर, हृदय रोग श्वांस रोग, गम्भीर रोग विशेषज्ञ
9084307201, 9412244430
डॉ. नितिन अग्रवाल हृदय रोग विशेषज्ञ मो.9457833777

## दौड़ में अनुज और अरशलन आए प्रथम

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** पीएमश्री योजना के तहत एक दिवसीय जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता मंगलवार को टाह पौटा के जूनियर हाईस्कूल मैदान में हुई। इसकी शुरुआत मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख सभ्यता देवी वर्मा, बीएसए रोशनी सिंह ने दौड़ प्रतियोगिता को हरी झंडी दिखाकर कराई।

50 मीटर प्राथमिक स्तर बालक वर्ग की दौड़ में कंपोजिट स्कूल तुर्कपुर बढ़वार के अरशलन , प्राथमिक स्कूल बिलसंडा नंबर एक के विमल , कंपोजिट स्कूल बमरौली के आदित्य] प्राथमिक स्तर बालिका वर्ग में प्राथमिक स्कूल पूरनपुर नंबर एक की आरोही , प्राथमिक स्कूल बरखेड़ा नंबर दो की सलोनी, कंपोजिट स्कूल बिलसंडा की नीलम, जूनियर स्तर बालक वर्ग की 100 मीटर दौड़ में पीएमश्री कंपोजिट स्कूल कैच के अनुज कंपोजिट स्कूल कटकवारा के सूरज, खासपुर के विवेक क्रमशः प्रथम द्वितीय व तृतीय रहे। 200 मीटर दौड़ में पीएमश्री कंपोजिट स्कूल बमरौली के अंकित , पीएमश्री गिधौर के हिमांशु, कटकवारा के दीपू, गोला फेंक प्रतियोगिता में कंपोजिट स्कूल खासपुर के विवेक, गौनेरीवदी कंपोजिट स्कूल के ताबीश नूर, कंपोजिट स्कूल गिधौर के पवन, चक्का फेंक में गौनेरीवदी के ताबीश नूर , कटकवारा के प्रशांत , कंपोजिट स्कूल खासपुर के विवेक, लंबी कूद में बमरौली के अवधेश , गौनेरी के ताबीश नूर, कटकवारा के पुष्पेंद्र क्रमशः प्रथम द्वितीय और तृतीय रहे। विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। निर्णायक समिति में खेल अनुदेशक आदित्य गंगवार, जयप्रकाश, प्रखर मिश्रा, नवनीत गंगवार, तारिक खान, भूपेंद्र पाल सिंह, हफीज अहमद, अजय कुमार रहे। इस मौके पर जिला समन्वयक राकेश पटेल, जितेंद्र कुमार, राजीव कुमार, विभा मिश्रा, योगेंद्र शर्मा आदि मौजूद रहे।


विजेताओं को पुरस्कृत करते ब्लॉक प्रमुख और बीएसए। ● अमृत विचार

## ट्रक में क्रूरता पूर्वक भरी 29 भैंसें बरामद

**तिलहर, अमृत विचार :** क्रूरता पूर्वक 29 भैंसों को ट्रक में भरकर ले जाने के मामले में कोतवाली पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज किया है। हिंदू युवा वाहिनी के जिलाध्यक्ष विपिन त्रिपाठी की ओर से दर्ज कराई गई रिपोर्ट के अनुसार 10 फरवरी को संगठन की तिलहर टीम से सूचना मिलने पर वह हाईवे स्थित सरऊ पुलिया के पास पहुंचे जहां ट्रक पकड़ा गया। ट्रक में भरी भैंसों की हालत बेहद दयनीय थी और पशु परिवहन से संबंधित कोई वैध दस्तावेज वाहन चालक के पास मौजूद नहीं मिला। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेकर कार्रवाई की।

इस मामले में गुलफाम गुलाठी निवासी मोहल्ला रसूलपुर थाना स्वार जिला रामपुर और दानिश पुत्र अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

## आंदोलन में चौथे दिन पहुंचे अफसर, मांगों पर हुई वार्ता

संवाददाता, अमरिया

**अमृत विचारः** तहसील क्षेत्र के गांव फरदिया में भाकियू भानु का आंदोलन चौथे दिन मंगलवार को भी जारी रहा। बड़ी संख्या में कार्यकर्ता जमा हुए और धरना-प्रदर्शन जारी रखा। उनकी मांग है कि शिव मंदिर के ऊपर से गुजर रही हाई टेंशन लाइन को पहले की तरह अंडरग्राउंड किया जाए। हाईवे पर सुरक्षित आवागमन के लिए अंडरपास निर्माण की भी मांग रखी। मौके पर पहुंचे एसडीएम मयंक गोस्वामी ने कहा कि मंदिर को पीछे स्थानांतरित किए जाने के बाद ही हाई टेंशन लाइन को अंडरग्राउंड किया जाएगा। वहीं अंडरपास की मांग को लेकर कहा कि एनएचएआई केंद्र सरकार के नियमों के तहत काम कर रहा है और अंडरपास की अनुमति नहीं दी जा सकती। सहायक पुलिस अधीक्षक नताशा गोयल भी मौके पर पहुंचीं और प्रदर्शनकारियों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान एक दिव्यांग युवती ने उनका स्वागत किया। फिलहाल भाकियू भानु ने कहा कि अगर मांगों पर पुनर्विचार नहीं हुआ तो आंदोलन और तेज किया जाएगा। मंदिर समिति के अध्यक्ष दीनदयाल, सचिव ठाकुरदास,धर्मपाल, भाकियू भानु जिला उपाध्यक्ष बाबूराम वर्मा, अशोक राठौर, राम गोपाल, डोरीलाल पाल, ओंकार सिंह यादव आदि मौजूद रहे।


भाकियू भानु नेताओं से संवाद करती सहायक पुलिस अधीक्षक नताशा गोयल।

## भाकियू भानु ने मांगों को लेकर शुरू किया धरना

संवाददाता, बीसलपुर

**अमृत विचारः** भारतीय किसान यूनियन भानु के कार्यकर्ताओं ने पूर्व में दिए गए ज्ञापनों का संज्ञान न लेने पर तहसील परिसर में धरना शुरू कर दिया। एसडीएम के अवकाश पर होने पर मांगों से जुड़ा ज्ञापन तहसीलदार हबीब उर्रहमान को सौंपा।

ज्ञापन में कहा कि तहसील क्षेत्र के गांव कनपरी में पारंपरिक तालाब चकरोड एवं मृत मवेशियों के दफन स्थल, जल निकासी की पुलिया को बंद कर सार्वजनिक सरकारी भूमि पर अवैध निर्माण कार्य कराया जा रहा है, जो शासनादेशों का खुला उल्लंघन है। इस समय निर्माण को तत्काल ध्वस्त कराया जाए। कनपरी गांव निवासी आनंद पुत्र रामरतन के परिवार को फर्जी जियो टैगिंग कर प्रधानमंत्री आवास का लाभ दिलाया जा रहा है। इसको तत्काल रोका जाए। तहसील स्तर पर जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने में परेशानी हो रही है। अवैध वसूली की जा रही है। प्रधानमंत्री आवास आवंटन में पात्रों को लाभान्वित कराया जाए। समेत 11 सूत्रीय मांग रखी। भाकियू के तहसील अध्यक्ष पूर्व सैनिक महेंद्र पाल ने कहा कि जब तक मांगे पूरी नहीं होगी तब तक धरना रहेगा। इस मौके पर धर्मेंद्र कुमार, महेंद्र पाल, रणजीत सिंह, संचित दीक्षित, ओमप्रकाश राजपूत,जिला अध्यक्ष भजनलाल क्रोधी आदि मौजूद रहे।

## कारों में हुई भिड़ंत में नौ लोग घायल

**खुटार, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव हरनाई के रहने वाले आयुष गुप्ता कार से साथी अनुपम, अरविंद कुमार और ओम गुप्ता के साथ खुटार जा रहे थे। रात करीब 8 बजे जब वह खुटार मैलानी रोड पर बाबा चौराहा से कुछ आगे पहुंचे तभी खुटार की ओर से जा रही एक कार से उनकी कार टकरा गई। इससे कार में सवार अरविंद कुमार, ओम गुप्ता पुत्र अकुंश, आयुष गुप्ता पुत्र अनुज गुप्ता व अनुपम पुत्र सुनील शर्मा निवासी हरनाई घायल हो गए। इसके साथ ही दूसरी कार में सवार थाना सेहरामऊ उत्तरी के गांव सोंधा पजावा निवासी भूपेंद्र कुमार पुत्र डालचंद्र, हथोड़ा शाहजहांपुर निवासी अहम पुत्र विमल, करन पुत्र अजय निवासी नंदापुर थाना मोहम्मदी लखीमपुर, हथोड़ा शाहजहांपुर निवासी विमल, सलनहा गांव निवासी अवनीश कुमार कार चालक आदि घायल हो गए।

## फार्म-7 के दुरुपयोग का आरोप, सौंपा ज्ञापन


तहसीलदार को ज्ञापन देते कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

संवाददाता, बीसलपुर

**अमृत विचारः** आजाद समाज पार्टी काशीराम के कार्यकर्ता मंगलवार को प्रदेश सचिव नईम रजा के नेतृत्व में तहसील पहुंचे। उन्होंने तहसीलदार हबीब उर्रहमान को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 के अंतर्गत फार्म 7 का दुरुपयोग कर मतदाताओं के नाम निर्वाचक नामावली से अवैध रूप से हटाने का प्रयास किया जा रहा है। जिले की चारों विधानसभा क्षेत्र से ऐसी शिकायतें सामने आ रही हैं। फॉर्म-7 का दुरुपयोग करते हुए बड़ी संख्या में मतदाताओं के नाम निर्वाचक नामावली से अवैध रूप से हटाने को आपत्तियां दर्ज कराई जा रही हैं। सत्ता से जुड़े कुछ नेता संबंधित बीएलओ पर दबाव बना रहे हैं। उनके ऐसा न करने पर धमकी दे रहे हैं। इसे लोकतांत्रिक मूल्यों का घोर उल्लंघन बताया। इसकी जांच कराकर कार्रवाई की मांग की गई। ज्ञापन देने वालों में राजाराम माथुर, मोहम्मद असलम ,मोहम्मद रफीक, मुन्ना, जाहिद, मोहम्मद अकबर, मोहम्मद रफीक, सौरभ भारतीय, रमेश कुमार, मोहम्मद जाकिर, शाहिद आदि थे।

**न्यूज ब्रीफ**

### एआईएमआईएम के नगराध्यक्ष नियुक्त

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** एआईएमआईएम के जिला कार्यालय में आयोजित बैठक में मंगलवार को मुजीबुर्रहमान खान को पार्टी का लखीमपुर नगर अध्यक्ष नियुक्त किया गया। पार्टी पदाधिकारियों ने उन्हें नियुक्ति पत्र सौंपते हुए बधाई दी और नगर में संगठन को और मजबूत करने की जिम्मेदारी सौंपी। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष सहित कई वरिष्ठ पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। नवनियुक्त नगर अध्यक्ष ने कहा कि वे पार्टी की नीतियों को जन–जन तक पहुंचाएंगे और आम लोगों की समस्याओं को प्राथमिकता से उठाएंगे।



### जिला सहकारी बैंक में गोष्ठी आज

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** बुधवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि समर्पण दिवस पर एक संगोष्ठी जिला सहकारी बैंक में दोपहर 11 :30 से आयोजित की जाएगी। जिसमें मुख्य अतिथि भाजपा के क्षेत्र के पूर्व अध्यक्ष पूर्व विधायक सुरेश तिवारी एवं अवध क्षेत्र मंत्री मौजूद रहेंगे। उक्त जानकारी भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी रमेश चंद्र मिश्रा ने दी।

### गैंग लीडर समेत 3 पर गैंगस्टर की कार्रवाई

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** थाना ईसानगर पुलिस ने गैंग लीडर गांव दामूबेहड़ मजरा चंद्रासाकला निवासी कंतऊ, गैंग के दो सदस्यों थाना खमरिया के गांव गौरा झबरा निवासी इतवारी और रामजी के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज की है। एसओ ईसानगर निर्मल तिवारी ने बताया कि आरोपियों का क्षेत्र में दहशत है।

### दहेज उत्पीड़न मामले में आरोपी गिरफ्तार

**मोहम्मदी, अमृत विचार :** कोतवाली मोहम्मदी पुलिस ने दजेह उत्पीड़न के मामले में फरार चल रहे गांव फरेंदा निवासी देवेंद्र सिंह उर्फ वीनू को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मंगलवार को आरोपी का चालान भेजा है। पुलिस उसकी काफी समय से तलाश कर रही थी।

### गन्ना भरा ट्रक और ट्रैक्टर-ट्राली में टक्कर

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** थाना ईसानगर क्षेत्र में गन्ना भरे ट्रक और ईंट भरकर जा रही ट्रैक्टर–ट्राली में टक्कर हो गई। हादसे में दोनों वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। गनीमत रही कि कोई हताहत नहीं हुआ है । हादसा खनियापुर के पास हुआ था। बताते हैं कि ट्रक गोविंद शुगर मिल ऐरा जा रहा था। खनियापुर के पास ट्रैक्टर चालक ने अचानक वाहन मोड़ने का प्रयास किया। तभी पीछे से आ रहे ट्रक ने उसे टक्कर मार दी।

# करोड़ों रुपये खर्च, फाइलों में हर घर जल, हकीकत में सूखे नल

## कहीं पाइप लाइनें बिछा दी गईं, कहीं टोटियां लगा दी गईं, फिर भी बूंद-बूंद शुद्ध जल को तरस रहे ग्रामीण, तकियापुरवा में 8 साल से नहीं मिला पानी

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** केंद्र और प्रदेश सरकार की ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शुरू की गई जल जीवन मिशन योजना का जिले में हाल बेहद खराब है। ब्लाक फूलबेहड़, निघासन और पलिया क्षेत्र की कई ग्राम पंचायतों में यह योजना पूरी तरह से फेल साबित हो रही है। करोड़ों रुपये की लागत से चल रही यह महत्वाकांक्षी योजना जमीन पर नहीं, बल्कि केवल कागजों और फाइलों में ही दौड़ती नजर आ रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में कहीं पाइप लाइने बिछा दी गईं, कहीं टोटियां लगा दी गईं, लेकिन आज तक उनमें पानी की एक बूंद भी नहीं पहुंच सकी।

निघासन विकास खंड की ग्राम पंचायत भेड़ौरी के मजरा तकियापुरवा में बनी पेयजल की टंकी तो आठ साल से कागजों में शुद्ध पेयजल उपलब्ध करा रही है, लेकिन हकीकत तो यह है कि आठ सालों में लगाई गई टोंटियों से एक बूंद पानी नहीं टपका है। बताते हैं कि तकियापुरवा समेत कई गांवों में विभागीय रिकॉर्ड में नियमित जलापूर्ति दर्शा दी गई है, जबकि हकीकत यह है कि नल सूखे पड़े हैं और ग्रामीण पानी के लिए हैंडपंप, तालाब और निजी बोरिंग पर निर्भर हैं।

गर्मी के मौसम में हालात और भी भयावह हो जाते हैं। हैंडपंप सूखने लगते हैं और महिलाओं व बच्चों को दूर से पानी ढोना पड़ता है। ग्रामीणों का कहना है कि योजना के नाम पर खानापूर्ति और बंदरबांट हुआ है, जबकि उनकी प्यास आज भी बुझ नहीं सकी। लोगों का आरोप है कि बिना काम पूरा किए ही ठेकेदारों को भुगतान कर दिया गया और अधिकारियों ने आंख मूंदकर कागजों में योजना को सफल घोषित कर दिया। शिकायतें करने पर सिर्फ आश्वासन मिलते हैं, न पेयजल आपूर्ति शुरू होती है और न ही जिम्मेदारों पर कोई कार्रवाई होती है।

चिंताजनक यह है कि सरकार की जिस योजना को ग्रामीण जीवन में बदलाव की उम्मीद माना था वही योजना भ्रष्टाचार और लापरवाही की भेंट चढ़ती दिख रही है। जल जीवन मिशन के नाम पर करोड़ों रुपये खर्च के बावजूद ग्रामीण बूंद-बूंद पानी को तरसें, तो यह प्रशासनिक व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करता है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि निष्पक्ष जांच कराई जाए।



गांव तकियापुरवा में बना ओवरहेड टैंक।



बेलरायां चीनी मिल के गेट के सामने टूटी पड़ी टोंटी।



जब से पानी की टंकी बनी है, तब से लेकर आज तक पानी नहीं आया है। हम लोग आर्सेनिक युक्त पानी पीने को मजबूर है। योजना सा सही क्रियावन्यन न होने से करोड़ों रुपये व्यर्थ हो रहे हैं। **–नावेद हुसैन**, बेलरायां।



ग्राम पंचायत में टोंटिया लगा दी गईं, लेकिन पाइप लाइन कई जगहों से लीकेज है। इस वजह से लोगों को शुद्ध पेयजल नहीं मिल पा रहा है। प्रशासन जांच कराकर कार्रवाई करे। **–सुरेश कुमार**, क्षेत्र पंचायत सदस्य।



यहां का पानी बहुत खराब है। उम्मीद थी कि शुद्ध पेयजल मिलेगा, लेकिन पानी की सप्लाई शुरू नहीं पाई है। हम लोग अपने निजी हैंडपंपों पर ही निर्भर हैं और आर्सेनिक युक्त पानी पी रहे हैं। **–शिव कुमार** बेलरायां।

### पाइप लाइनों के लीक होने से नहीं हो रही आपूर्ति

गांव तकियापुरवा में बनाई गई जल जीवन मिशन की पेयजल टंकी से तकियापुरवा के अलावा कस्बा बेलरायां को भी पेयजल आपूर्ति के लिए पाइप लाइनें बिछाई गईं। लोगों के घरों और चौराहों पर कनेक्शन देकर टोंटियां लगा दी गईं थीं, लेकिन यह टोंटिया सरकारी व्यवस्था पर सवाल उठा रही हैं। आज तक इन टोंटियों से एक बूंद पानी तक नहीं टपका है। सूत्र बताते हैं कि डाली गई पाइप लाइन काफी घटिया किस्म की थी। इससे वह जगह–जगह से लीक हो रही है। पानी की सप्लाई शुरू करने पर लीकेज के कारण पानी गांव में भरने लगता है। इस वजह से पानी की सप्लाई नहीं दी जा रही है। यहां तैनात कर्मचारियों को भी पिछले कई सालों से वेतन का भुगतान भी नहीं किया गया है।

## करोड़ों खर्च, घरों में नहीं पहुंचा स्वच्छ पेयजल

संवाददाता, फूलबेहड़

**अमृत विचार:** ग्राम पंचायत फूलबेहड़ में वर्ष 2014-15 में उत्तर प्रदेश जल निगम ने 600 किलोलीटर क्षमता की पाइप पेयजल टंकी का निर्माण कराया था। उस समय यह योजना फूलबेहड़ ग्रामीण पाइपलाइन पेयजल योजना के नाम से जानी जाती थी, जिसे बाद में जल जीवन मिशन में शामिल कर दिया गया। टंकी से जुड़े कई गांवों तक पाइपलाइन तो बिछा दी गई, लेकिन शुद्ध पेयजल की आपूर्ति आज तक कागजों से बाहर नहीं निकल सकी।

ग्रामीणों का कहना है कि बीते करीब एक वर्ष से उन्हें शुद्ध पेयजल नहीं मिल रहा है। लगभग 10 से 12 हजार की आबादी वाली इस ग्राम पंचायत के लोग पानी के लिए परेशान हैं, जबकि यह पंचायत विकासखंड मुख्यालय से सटी हुई है। ऐसे में विकास के बड़े-बड़े दावों की सच्चाई खुद-ब-खुद सामने आ रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि जिस उद्देश्य से यह पानी की टंकी बनाई गई थी, वह उद्देश्य आज भी अधूरा है। जनता के टैक्स के पैसों से कराए गए करोड़ों के निर्माण आखिर किसके काम आ रहे हैं, यह बड़ा सवाल बन गया है।

फूलबेहड़ पाइप टंकी की जेई नेहा पांडेय ने बताया कि यह योजना एक फर्म को दी गई है और वर्तमान में डीपीआर (डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट) का सर्वे चल रहा है। उन्होंने बताया कि पहले यह टंकी जल निगम के तहत थी, जिसे संचालन के लिए ग्राम पंचायत को सौंप दिया गया था। डीपीआर पूरी होने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी। सबसे बड़ा सवाल यह है कि विकासखंड मुख्यालय से चंद कदम दूर स्थित ग्राम पंचायत में आज भी डीपीआर सर्वे ही चल रहा है, जबकि ग्रामीण वर्षों से पानी के लिए संघर्ष कर रहे हैं। आखिर कब तक जल जीवन मिशन केवल फाइलों और सर्वे तक सीमित रहेगा और कब ग्रामीणों की प्यास बुझेगी? फूलबेहड निवासी धीरज ने बताया कि पिछले वर्ष करीब मार्च अप्रैल से पानी नहीं आ रहा है। वहीं फूलबेहड़ निवासी सुखवीर सिंह ने बताया कि पानी की टंकी करीब एक साल से बंद पड़ी है।



सुखबीर सिंह।



धीरज।

बंद पड़ी पेयजल टंकियों की जांच कराई जाएगी। कमियों को दूर कराकर पेयजल सप्लाई को सुचारू कराया जाएगा। जांच में जो भी दोषी होगा। उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। **–अभिषेक** कुमार सीडीओ।

### कोठिया में दो टंकियां फिर भी पानी को तरस रहे लोग

**मझगई।** ब्लॉक पलिया की ग्राम पंचायत कोठिया में पेयजल व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। हैरानी की बात यह है कि गांव में दो–दो पानी की टंकियां बनी होने के बावजूद लोगों को पीने का पानी नसीब नहीं हो रहा। ग्राम प्रधान रमाशंकर जाटव ने बताया कि गांव में बनी नई पानी की टंकी को पूरा हुए करीब दो साल हो चुके हैं, लेकिन आज तक उस पर सौर ऊर्जा की प्लेटें नहीं लग सकीं। इसके चलते टंकी से जलापूर्ति शुरू ही नहीं हो पाई। वहीं, बोरवेल का ढक्कन चोर उड़ा ले गए, जिससे व्यवस्था और भी बदहाल हो गई है। ग्रामीणों का कहना है कि इस समस्या को लेकर कई बार संबंधित विभागों और अधिकारियों से शिकायत की गई, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। मजबूरन महिलाएं और बच्चे दूर के हैंडपंपों और निजी स्रोतों पर निर्भर हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से तत्काल सौर प्लेटें लगवाने, बोरवेल की मरम्मत कराने और नियमित जलापूर्ति शुरू कराने की मांग की है। यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो ग्रामीण आंदोलन की चेतावनी दे रहे हैं।

## लिंक खोलते ही हो गई 1.48 लाख की ठगी

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- कोर्ट के आदेश पर कोतवाली सदर पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट

**अमृत विचार:** कोतवाली सदर क्षेत्र में साइबर ठगों ने एक व्यक्ति को एक्सिस बैंक का कर्मचारी बनकर झांसे में लेते हुए उसके क्रेडिट कार्ड से लगभग 1 लाख 48 हजार रुपये की ठगी कर ली। पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

थाना खमरिया के गांव खमरिया पंडित निवासी अजय कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि उनके पास बीते वर्ष एक्सिस बैंक का क्रेडिट कार्ड था, जिसका वह नियमित उपयोग करते थे। 05 मई 2025 को शाम करीब 7:13 बजे उनके मोबाइल पर एक कॉल आई, जिसमें कॉल करने वाले ने स्वयं को एक्सिस बैंक का प्रतिनिधि बताया। आरोपी ने क्रेडिट लिमिट सेट करने का झांसा देकर पीड़ित को एक लिंक भेजा। लिंक खोलने पर वह एक्सिस बैंक का प्रतीत होने वाला पेज खुला, जिस पर पहले से ही बैंक का हेल्पलाइन नंबर प्रदर्शित था। ठगों के निर्देशानुसार पीड़ित ने लिंक पर जरूरी जानकारी भर दी। इसके कुछ ही देर बाद पीड़ित उसके खाते से 80,306, 53,306 और 15,166 की तीन अलग-अलग ट्रांजैक्शन के संदेश प्राप्त हुए। जब पीड़ित को ठगी का एहसास हुआ तो उसने तुरंत एक्सिस बैंक में शिकायत दर्ज कराई और राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर ऑनलाइन शिकायत भी दर्ज कराई। इसके बाद सदर कोतवाली पुलिस को तहरीर दी, लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की। इससे परेशान होकर उसने कोर्ट की शरण ली।

कोर्ट के आदेश पर सदर कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि साइबर ठगों की पहचान कर जल्द ही कार्रवाई की जाएगी। वहीं पुलिस ने लोगों से अपील की है कि किसी भी अनजान कॉल, लिंक या बैंक संबंधी जानकारी साझा करने से बचें।

## गोशाला में श्रीरामचरितमानस पाठ आरंभ

**सिंगाही, अमृत विचार:** ग्राम पंचायत सिंगहा कला स्थित गोशाला में मंगलवार को गोवंश संरक्षण और जनकल्याण की कामना के साथ ग्राम पंचायत प्रधान प्रतिनिधि श्याम मोहन दीक्षित के नेतृत्व में गोशाला परिसर में श्रीरामचरितमानस पाठ का आरंभ कराया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत आचार्य अंकित मिश्रा ने विधि-विधान से पूजन-अर्चन कर कराई । इसके पश्चात मानस पाठ प्रारंभ हुआ, जिससे पूरे गोशाला परिसर में भक्तिमय हो गया। प्रधान प्रतिनिधि श्याम मोहन दीक्षित ने कहा कि गौशाला केवल गौवंश के संरक्षण का स्थान नहीं, बल्कि सेवा, संस्कार और सामाजिक चेतना का केंद्र है।

ऐसे धार्मिक आयोजनों से जहां वातावरण शुद्ध होता है, वहीं लोगों में गौ सेवा के प्रति जागरूकता भी बढ़ती है। मानस पाठ के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण, पंचायत सदस्य एवं श्रद्धालु मौजूद रहे।

## सुरक्षित इंटरनेट दिवसः साइबर ठगी से बचाव को दिए टिप्स



कलक्ट्रेट परिसर में रैली को हरी झंडी दिखाते एडीएम नरेंद्र कुमार सिंह व अन्य।



कार्यशाला में मौजूद अधिकारी व अन्य लोग। • अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- कार्यशाला के बाद जागरुकता बाइक रैली भी निकली
- सुरक्षित इंटरनेट दिवस पर आयोजित हुआ कार्यक्रम

**अमृत विचार:** सुरक्षित इंटरनेट दिवस पर जिला सूचना विज्ञान केंद्र ने डीएम के निर्देश पर साइबर जागरूकता वर्कशॉप का आयोजन किया, जिसकी अध्यक्षता जिला सूचना विज्ञान अधिकारी महेंद्र सिंह ने की। इसमें पुलिस विभाग के साइबर सेल अधिकारी, विकास विभाग के अधिकारी, कॉमन सर्विस सेंटर संचालक एवं बैंक अधिकारी शामिल हुए। कार्यक्रम में साइबर ठगों के नए-नए तरीकों पर चर्चा की गई।

विशेष रूप से डिजिटल अरेस्ट के नाम पर आने वाली फर्जी कॉलों को लेकर आगाह किया गया। अधिकारियों ने कहा कि कोई भी वास्तविक कानून प्रवर्तन एजेंसी फोन पर भुगतान, ओटीपी या बैंकिंग विवरण नहीं मांगती।

ऐसे किसी भी कॉल पर तत्काल संदेह करें। साइबर ठगी की स्थिति में तुरंत 1930 हेल्पलाइन पर कॉल करें या सरकार के साइबर अपराध पोर्टल पर ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराएं। कलक्ट्रेट परिसर से साइबर जागरूकता बाइक रैली भी निकाली गई। रैली को एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह, एडीएम (न्यायिक) अनिल कुमार रस्तोगी व एसओसी संजय आनंद ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में शामिल वीएलई संचालकों ने हेलमेट पहनकर शहर की गलियों में भ्रमण किया और नागरिकों को साइबर सुरक्षा से जुड़े संदेश दिए। राजकीय पॉलिटेक्निक लखीमपुर, नकहा एवं मोहम्मदी में साइबर सुरक्षा को लेकर जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।

### साइबर धोखाधड़ी से बचने के लिए जरूरी उपाय

- मजबूत और यूनिक पासवर्ड का प्रयोग।
- पब्लिक वाई–फाई के इस्तेमाल से बचाव।
- बिना जांच किसी फाइल या सॉफ्टवेयर को डाउनलोड न करना।
- वेब ब्राउजर और सॉफ्टवेयर को अपडेटेड रखना।
- अज्ञात स्रोतों से आए ईमेल/लिंक न खोलना।
- वेबसाइट खोलते समय सही यूआरएल की जांच करना।

## तीन केंद्रों पर कड़ी निगरानी के बीच हुई परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** जिले में मदरसा शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश की वर्ष 2026 की परीक्षाओं का दूसरा दिन मंगलवार को शांतिपूर्ण और अनुशासित माहौल में संपन्न हुआ। तीन निर्धारित परीक्षा केंद्रों पर कड़ी निगरानी के बीच दोनों पालियों में परीक्षा कराई गई। केंद्रों पर समय से पहले ही परीक्षार्थियों की प्रवेश प्रक्रिया शुरू कर दी गई थी और सघन जांच के बाद ही उन्हें परीक्षा कक्ष में जाने दिया गया।

दूसरे दिन कुल 696 पंजीकृत परीक्षार्थियों में से 587 ने परीक्षा में भाग लिया, जबकि 109 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इनमें पहली पाली (सुबह 8 से 11 बजे) की मुंशी–मौलवी परीक्षा में कुल 587 पंजीकृत परीक्षार्थियों में से 497 उपस्थित रहे और 90 अनुपस्थित रहे, जबकि दूसरी पाली (दोपहर 2 से 5 बजे) की आलिम परीक्षा में कुल 109 पंजीकृत परीक्षार्थियों में से 90 उपस्थित रहे और 19 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा आदर्श विद्या मंदिर इंटर कॉलेज शास्त्री नगर लखीमपुर, टीकेज पब्लिक इंटर कॉलेज गोला और सीताराम मनवार पब्लिक इंटर कॉलेज धौरहरा में व्यवस्थित ढंग से कराई गई। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी ने बताया कि परीक्षा पूरी तरह शांतिपूर्ण रही और कहीं भी किसी प्रकार की अनियमितता की शिकायत नहीं है। परीक्षाएं निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 14 फरवरी तक जारी रहेंगी।

## बाघ के हमले में महिला घायल

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार:** थाना भीरा क्षेत्र में गांव कटैया निवासी संजू देवी (32) पति सुरेंद्र कुमार और गांव के करीब 15 लोगों के साथ जंगल में खरफूस काटने जा रही थी। जंगल में करीब एक किलोमीटर अंदर झाड़ियों में छिपे बैठे बाघ ने अचानक संजू देवी पर हमला कर दिया। साथियों ने किसी तरह से लाठी-डंडा फटकार और शोर शराबा कर महिला को बाघ से छुड़ाया। बाघ के हमले में गंभीर रूप से घायल हुई संजू देवी को बिजुआ सीएचसी लाया गया, जहां से डॉक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। उधर सूचना मिलने पर वन विभाग के अधिकारी और कर्मचारी अस्पताल पहुंचे। उन्होंने घायल महिला का हाल जाना। अधिकारियों ने इलाज कराने के लिए महिला के परिजनों को आर्थिक मदद भी की है।

## इंटरमीडिएट की प्रायोगिक परीक्षाओं के अंकों की ऑनलाइन एंट्री 15 तक कर सकेंगे

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- अंकों की ऑनलाइन एंट्री की अंतिम तारीख बढ़ाई

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद ने इंटरमीडिएट प्रायोगिक परीक्षाओं के अंकों की ऑनलाइन एंट्री की अंतिम तारीख बढ़ा दी है। अब विद्यालय 13 फरवरी तक छात्रों के प्रायोगिक अंक परिषद की वेबसाइट पर अपलोड कर सकेंगे। यह निर्णय उन छात्रों को राहत देने के लिए लिया गया है, जिनके अंक तकनीकी समस्या या अन्य कारणों से समय पर दर्ज नहीं हो पाए थे।

इंटर की प्रायोगिक परीक्षाएं पहले दो चरणों में कराई गई थीं। पहला चरण 24 जनवरी से 1 फरवरी तक और दूसरा चरण 2 फरवरी से 9 फरवरी तक चला था। इस दौरान दूसरे चरण में कुछ स्कूलों में इंटरनेट समस्या, सर्वर स्लो होने और अन्य तकनीकी दिक्कतों के कारण कई छात्रों के अंक अपलोड नहीं हो सके थे। इसी वजह से परिषद ने तारीख बढ़ाने का फैसला किया है। सचिव, माध्यमिक शिक्षा परिषद ने सभी प्रधानाचार्यों और परीक्षकों को सख्त निर्देश दिए हैं कि वे 13 फरवरी तक हर हाल में सभी छात्रों के अंक ऑनलाइन दर्ज कर दें। अगर तय समय तक अंक अपलोड नहीं होते और इससे किसी छात्र का रिजल्ट रुकता है, तो इसकी पूरी जिम्मेदारी संबंधित परीक्षक, स्कूल के प्रधानाचार्य की होगी। परिषद ने सभी जिला विद्यालय निरीक्षकों को भी कहा है कि वे अपने जिले के सभी स्कूलों से संपर्क कर यह सुनिश्चित करें कि अंक समय पर अपलोड हो जाएं। इसके साथ ही सभी डीआईओएस कार्यालय और अधिकारियों को भी इस आदेश का व्यापक प्रचार करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि कोई भी स्कूल जानकारी के अभाव में पीछे न रह जाए।

ऐसे इंटर कॉलेज जिनमें दूसरे चरण के बच्चों के प्रायोगिक अंक अभी तक अपलोड नहीं हुए है, उनको अंतिम तिथि 13 फरवरी से पहले छात्र छात्रों के प्रायोगिक अंक अपलोड करने के सख्त दिशा निर्देश दिए गए हैं। **–विनोद कुमार मिश्र,** डीआईओएस।

## फाइलेरिया उन्मूलन को शुरू हुआ आईडीए अभियान



बाकेंगज सीएचसी पर फाइलेरिया वितरण के दौरान मौजूद सीएमओ व अन्य।

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- दवाएं खिलाई गईं, लोगों को किया जागरूक

**अमृत विचार:** फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर मंगलवार को विकास खंड बांकेगंज स्थित सीएचसी में विशेष अभियान का आरंभ किया गया। कार्यक्रम में सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता, एसीएमओ सत्य प्रकाश मिश्रा, जिला मलेरिया अधिकारी व सीएचसी अधीक्षक डॉ. अमित कुमार सिंह विशेष रूप से मौजूद रहे।

आईडीए राउंड के तहत लोगों को फाइलेरिया की दवाएं खिलाई गईं। सामुदायिक रेडियो स्टेशन रेडियो खीरी 88.4 मेगाहट्र्ज से खास बातचीत में सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता ने स्वास्थ्य कार्यक्रम सेहत सही, लाभ, फाइलेरिया रोग, उसके दुष्प्रभाव और आईडीए अभियान से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां साझा कीं। सीएमओ ने बताया कि फाइलेरिया उन्मूलन अभियान को और सशक्त बनाने के लिए मंगलवार से आईडीए राउंड की शुरुआत की गई है। इसके तहत बांकेगंज सीएचसी क्षेत्र में स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा डोर-टू-डोर जाकर लोगों को फाइलेरिया की दवाएं दी जा रही हैं। इन दवाओं का सेवन अत्यंत आवश्यक है और इसे चिकित्साकर्मी की उपस्थिति में ही किया जाना चाहिए। दवाओं और इलाज को लेकर किसी भी तरह के भ्रम में न पड़ें। एमआर (मीजल्स-रूबेला) अभियान 16 फरवरी से 27 फरवरी तक चलाया जाएगा। इस दौरान कक्षा 1 से 5 तक के बच्चों को सभी सरकारी व निजी विद्यालयों, चिकित्सालयों, मदरसों और नर्सरी स्कूलों में खसरा (मीजल्स) एवं रूबेला वैक्सीन की अतिरिक्त खुराक निःशुल्क लगाई जाएगी। सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता ने सामुदायिक रेडियो स्टेशन रेडियो खीरी 88.4 मेगाहट्र्ज की सराहना की।

## प्रदेश में चौथा और मंडल में प्रथम रहा लखीमपुर खीरी

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- डीएम बोलीं, योगी सरकार की प्राथमिकता ही जिला प्रशासन का विजन

**अमृत विचार:** सीएम डैशबोर्ड की रैंकिंग में लखीमपुर खीरी ने प्रदेश के 75 जिलों में चौथा और लखनऊ मंडल के 6 जिलों में पहला स्थान हासिल किया है।

सीएम डैशबोर्ड की रैंकिंग के आंकड़ों के मुताबिक लखीमपुर खीरी ने विकास, जनकल्याणकारी योजनाओं और सरकारी परियोजनाओं के क्रियान्वयन में बेहतरीन प्रदर्शन किया। राजस्व विभाग का सक्रिय योगदान भी जिले को प्रदेश में चौथे स्थान तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण साबित हुआ।

लखनऊ मंडल के 6 जिलों की सीएम डैशबोर्ड रैंकिंग में लखीमपुर खीरी ने चौथा स्थान हासिल कर मंडल में पहला स्थान दर्ज किया। इसके बाद हरदोई सातवें, सीतापुर 23वें, उन्नाव 39वें, रायबरेली 43वें और लखनऊ 75वें स्थान पर रहे।

डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि वर्ष 2026 के शुरुआत में जनवरी माह में सीएम डैशबोर्ड की रैंकिंग में जनपद ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। मुख्यमंत्री के विजन के अनुरूप योजनाओं और विकास कार्यक्रमों को जन-जन तक पहुंचाया, यह क्रम अनवरत जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि जिले की इस सफलता का मूल मंत्र सक्रिय निगरानी, समयबद्ध निस्तारण, विभागवार समीक्षा और जनपदीय अधिकारियों के बीच निरंतर समन्वय है।

उन्होंने सीडीओ, दोनों एडीएम, सभी एसडीएम और अन्य जिला स्तरीय अधिकारियों की टीम को बधाई दी। कहा कि इसी समर्पण और मेहनत ने विकास की नई इबारत लिखी है।

## ट्रक की टक्कर लगने से रोड किनारे खड़े दंपती घायल

संवाददाता, पसगवां

**अमृत विचार:** मोहम्मदी-शाहजहांपुर हाईवे के किनारे खड़ी एक अल्टो कार में ट्रक ने पीछे से टक्कर मार दी, जिससे अल्टो कार क्षतिग्रस्त हो गई। साथ ही रोड किनारे खड़े दंपती भी घायल हो गया।

गांव मुड़िया अहवन निवासी निर्मल सिंह ने बताया कि सोमवार को उसकी अल्टो कार शाहजहांपुर मोहम्मदी मार्ग पर सड़क किनारे खड़ी थी। पीछे से बैगास भरे ट्रक ने टक्कर मार दी, जिससे कार क्षतिग्रस्त हो गई। उसी समय वहां पर बस के इंतजार में मछेछा बस अड्डे पर शाहजहांपुर के थाना सिंधौली के ग्राम रिक्शा निवासी आशीष कुमार और उसकी पत्नी नीलम खड़े थे। वे दोनों घायल हो गए। दोनों को शाहजहांपुर में भर्ती कराया है। निर्मल सिंह ने घटना की रिपोर्ट थाना पसगवां में दर्ज कराई है।

अमृत विचार

बरेली, बुधवार, 11 फरवरी 2026 खीरी

## न्यूज ब्रीफ

### छेड़छाड़ का आरोपी गिरफ्तार

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** बंडा थाना प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार राय ने बताया कि एक महिला ने 10 दिन पूर्व रिपोर्ट दर्ज करायी थी कि एक व्यक्ति उसके मकान में गलत नीयत से घुस गया था। आरोप है कि उसने पकड़ लिया और छेड़छाड़ करने लगा। महिला ने शोर मचाया तो आरोपी भाग गया। पुलिस ने आरोपी रघुपाल निवासी बंडा के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया और चालान कर दिया।

### किशोरी से की अश्लील हरकत, तीन पर रिपोर्ट

**तिलहर, अमृत विचार :** दावत खाकर घर लौट रही किशोरी को अंधेरी गली में खींचकर अश्लील हरकत करने, परिजनों के पहुंचने पर मारपीट और जातिसूचक गालियां देने के मामले में कोतवाली पुलिस ने नामजद मुकदमा दर्ज किया है। पीड़ित पिता के अनुसार 30 जनवरी की रात करीब साढ़े 9 बजे बेटी गांव सरोवर नगर से लौट रही थी। इस दौरान सुभाष, मनोज और अनूप पुत्र नन्नकाई लाल ने रास्ता रोक लिया। बेटी के शोर मचाने पर चाचा और ताऊ पहुंचे तो आरोपी तमंचा और लाठी लेकर धमकी देते हुए भाग निकले। पुलिस ने छेड़खानी, मारपीट और एससीएसटी एक्ट में मुकदमा दर्ज किया है।

### झोपड़ी में लटका मिला किशोरी का शव

**कलान/शाहजहांपुर, अमृत विचार :** कलान थाना क्षेत्र के गांव रोहननगला निवासी संगेश ने बताया कि उसका परिवार रविवार को रिश्तारी में फर्रुखाबाद गए हुए थे। उसकी 16 वर्षीय बहन झुन्ना घर पर अकेले थी। परिवार वाले दूसरे दिन सुबह लौटकर आए तो देखा कि झुन्ना घर पर नहीं है। परिवार वालों घर के बाहर पड़ी झोपड़ी में जाकर देखा तो उसका शव दुपट्टे से लटका हुआ था। परिवार वालों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव को नीचे उतारा और जानकारी की। उसका कहना है कि उसकी बहन किसी से मोबाइल पर बात होती थी। पुलिस ने मोबाइल कब्जे में ले लिया है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### घायल ने अस्पताल में तोड़ा दम

**कांट, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव जमुनिया निवासी 44 वर्षीय आनंद स्वरूप सोमवार की रात साढ़े 9 बजे अपने घर से पैदल खेत पर जा रहे थे। जमुनिया दौलतपुर तिराहे पर सड़क पार करते समय अज्ञात वाहन ने उनको टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गया। गांव के प्रधान मनोज कुमार ने कांट थाना पर सूचना दी। घायल आनंद स्वरूप को एंबुलेस से जिला अस्पताल भेजा। जहां उनकी मौत हो गई।

# थारू संस्कृति बनेगी आकर्षण का केंद्र


## पर्यटकों को परोसी जाएगी थारू थाली व श्री अन्न थाली, महिला होम स्टे संचालकों को मिलेगा विशेष प्रशिक्षण

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** दुधवा टाइगर रिजर्व में सफारी सीजन-2026 को खास और यादगार बनाने के लिए पर्यटन विभाग ने तैयारियों को तेज कर दिया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशों पर इको-टूरिज्म परियोजनाओं पर विशेष फोकस किया जा रहा है। दुधवा बेल्ट की समृद्ध जैव विविधता को वैश्विक पहचान दिलाने के लिए व्याख्या केंद्र (इंटरप्रिटेशन सेंटर) को आधुनिक स्वरूप दिया जाएगा।

इसके तहत मौजूदा कैंप कार्यालय की मरम्मत की जाएगी। नया, आकर्षक रिसेप्शन ब्लॉक तैयार होगा। साथ ही आधुनिक सुविधाओं से लैस इंटरप्रिटेशन सेंटर, 3-डी म्यूरल और आर्ट पेंटिंग, कैंटीन, मीटिंग हॉल, लाइब्रेरी और शुद्ध पेयजल की व्यवस्था की जाएगी।

परियोजना के तहत पार्क में लगी पशु आकृतियों का नवीनीकरण, पर्यटकों के बैठने के लिए गार्डन बेंच, साफ-सफाई के लिए



दुधवा नेशनल पार्क का प्रवेश द्वार।

- दुधवा टाइगर रिजर्व में सफारी सीजन-2026 के लिए तैयार
- रिसेप्शन ब्लॉक से 3-डी म्यूरल तक होंगे नए विकास कार्य

डस्टबिन और बेहतर मार्गदर्शन के लिए साइनेज भी शामिल हैं। दीवारों पर जंगल और वन्य जीवों को दर्शाने वाली 3-डी चित्रकारी और पेंटिंग्स की जाएंगी, जिससे पर्यटकों को दुधवा की जैव विविधता और वन्य जीवन के बारे में आसानी से जानकारी मिल सके।

मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि, ''दुधवा नेशनल पार्क को पर्यटन के लिहाज से और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए साइनेज, आवास और डिजिटल सुविधाओं के विकास पर विशेष जोर दिया जा रहा है। पलिया और दुधवा की ओर जाने वाली प्रमुख सड़कों पर आधुनिक और आकर्षक साइनेज लगाए जाएंगे। उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह के मुताबिक वर्तमान समय की मांग और वेलनेस टूरिज्म को इको क्षेत्र से जोड़ते हुए नेचर के बीच योग और मेडिटेशन स्पेस भी विकसित किए जाएंगे। साथ ही, क्षेत्र में होटल, रिसॉर्ट और होमस्टे सुविधाओं के विस्तार को भी गति मिलेगी। अब तक 23 होम स्टे, 2 रिसॉर्ट और 5 होटलों का पंजीकरण किया जा चुका है। पर्यटन को आसान बनाने के लिए ऑनलाइन जानकारी और बुकिंग व्यवस्था को मजबूत किया जा रहा है। यूपी पर्यटन और यूपीटीडीबी की वेबसाइट पर दुधवा टाइगर रिजर्व का अलग पेज होगा, जहां होटल, रिसॉर्ट और होमस्टे की पूरी जानकारी मिलेगी।

### थारू संस्कृति और स्थानीय कौशल को पर्यटन से जोड़ने की पहल

दुधवा क्षेत्र में पर्यटन के साथ स्थानीय थारू संस्कृति को बढ़ावा देने की दिशा में पहल की गई है। पर्यटकों को पारंपरिक थारू थाली के साथ-साथ मोटे अनाज से बने पारंपरिक व्यंजन श्री अन्न थाली परोसने की व्यवस्था की जाएगी, जिससे स्थानीय खान-पान को नई पहचान मिल सके। चूंकि अधिकांश होम-स्टे संचालक महिलाएं हैं, इसलिए उन्हें होम-स्टे संचालन, डिजिटल भुगतान, अतिथियों के साथ संवाद, स्टोरी टेलिंग और व्यावहारिक आतिथ्य प्रबंधन जैसे विषयों पर विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। थारू समाज के लोगों को पारंपरिक भोजन, हस्तशिल्प और आतिथ्य सत्कार से जुड़ा विशेष प्रशिक्षण देने की योजना है। थारू शिल्प के विपणन को बढ़ावा देने के लिए होटलों और पर्यटन केंद्रों के माध्यम से उनके उत्पादों की बिक्री और प्रदर्शन सुनिश्चित किया जाएगा। कौशल विकास कार्यक्रम के अंतर्गत करीब 150 स्थानीय युवाओं को नेचर गाइड के रूप में प्रशिक्षित किया जाएगा।

### सामुदायिक भागीदारी पर बल

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि ''वित्तीय वर्ष 2022-23 से 2024-25 के बीच जंगलों, वेटलैंड्स, झीलों और वन्यजीव क्षेत्रों में 44 इको टूरिज्म इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट शुरू किए गए हैं। इनमें दुधवा, पीलीभीत, रानीपुर और कतर्नियाघाट टाइगर रिजर्व के साथ-साथ हैदरपुर, बखिरा, सुर सरोवर, समसपुर और नवाबगंज जैसे प्रमुख वेटलैंड्स में खास निवेश किया गया है। उन्होंने बताया कि दुधवा टाइगर रिजर्व में पर्यटकों की संख्या 2022 में करीब 1.2 लाख से बढ़कर 2025 में लगभग 2.1 लाख के करीब हो गई है, जिनमें 70,000 से 85,000 लोग सफारी में शामिल हुए। साथ ही, सामुदायिक भागीदारी के तहत 53 जिलों में 57 क्यूरेटेड ट्रिप आयोजित की गईं, जिनमें करीब 3,000 छात्र जुड़े, जबकि पीलीभीत, दुधवा और कतर्नियाघाट में 143 स्थानीय युवाओं को नेचर गाइड के रूप में प्रशिक्षित किया गया।

# शिविर में जारी की गई परिवार रजिस्टर नकल


शिविर में परिवार रजिस्टर की नकल जारी करते कर्मचारी। ● अमृत विचार

संवाददाता, संपूर्णानगर

**अमृत विचार:** एसआईआर मतदाता पुनरीक्षण प्रक्रिया के तहत बीएलओ एवं मतदाताओं की लापरवाही के चलते जारी हो रही नोटिसों से परेशान मतदाताओं की समस्याओं के समाधान के लिए ग्राम पंचायत सिंगाही खुर्द में शिविर आयोजित किया गया। जिसमें मतदाताओं को परिवार रजिस्टर की नकल उपलब्ध कराई गई और जरूरी जानकारी दी गई।

मंगलवार को पंचायत भवन सिंगाही खुर्द में पंचायत सचिव कृष्ण कुमार गुप्ता, पंचायत सहायक रविन्द्र गुप्ता एवं सहायिका प्राची मौर्य ने परिवार रजिस्टर की नकल जारी की। प्रधान सचिव कक्ष में ताला लगे होने के कारण

- एसआईआर मतदाता पुनरीक्षण की नोटिस को लेकर लगाया कैंप

कर्मचारियों को बरामदे में बैठकर कार्य करना पड़ा, जबकि कंप्यूटर कक्ष खुला मिला। एसआईआर से संबंधित नोटिसों को लेकर मतदाता परेशान नजर आए। पंचायत सचिव केके गुप्ता ने मंगलवार को कुल 8 परिवार रजिस्टर की नकल जारी की। इस दौरान युवा जनहित सेवा समिति के अध्यक्ष आलोक सिंह एवं बीडीसी राजन यादव पंचायत भवन पहुंचे और एसआईआर प्रक्रिया में आ रही दिक्कतों के शीघ्र निस्तारण की मांग की। उन्होंने कहा कि मतदाताओं को परिवार रजिस्टर की नकल आसानी से उपलब्ध कराई जाए, ताकि उन्हें अनावश्यक परेशान न होना पड़े।

# उन्नत गन्ना प्रजातियों को अपनाने का आह्वान


रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते चीनी मिल के इकाई प्रमुख प्रभात सिंह व अन्य।

संवाददाता, औरंगाबाद

**अमृत विचार :** डीसीएम श्रीराम शुगर अजबापुर के गन्ना विभाग ने बसंत कालीन गन्ना बुवाई को प्रोत्साहित करने को लेकर कृषक जागरूकता रैली निकाली। रैली को चीनी मिल के इकाई प्रमुख प्रभात कुमार सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान चीनी मिल के सभी विभागाध्यक्ष, गन्ना विभाग के रीजनल हेड, जोनल अधिकारी, फील्ड स्टाफ सहित तमाम किसान मौजूद रहे।

रैली के माध्यम से उचित पेड़ी प्रबंधन, आरएमडी मशीन संचालन, एमटीपी से 4 फिट पर गन्ना बुवाई व उन्नत कृषि तकनीकों को अपनाकर अधिक उत्पादन प्राप्त करने की

- अजबापुर चीनी मिल ने निकली जागरुकता रैली

जानकारी दी गई। साथ ही किसानों को यह संदेश भी दिया गया कि वे अपने कम से कम एक खेत में 1500, 2000 अथवा 2500 क्विंटल प्रति हेक्टेयर उत्पादन का लक्ष्य निर्धारित करें, जिससे वे प्रोत्साहन एवं सम्मान के पात्र बन सकें। इकाई प्रमुख प्रभात कुमार सिंह ने चीनी मिल परिक्षेत्र के लगभग 88 हजार किसानों से उपज बढ़ाओ अभियान में सक्रिय सहभागिता करने का आह्वान किया। जागरूकता रैली अजबापुर से प्रारंभ होकर मुल्लापुर, पसगवां, बहादुरनगर, कचनार, गलरई, बरबर, पकरिया, नकारा, औरंगाबाद सहित विभिन्न क्षेत्रों से होकर गुजरी।

# बोर्ड परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करने को विद्यार्थियों को दी सलाह

गोला गोकर्णनाथ/मूड़ा सवारान

**अमृत विचार:** अगले सप्ताह 18 फरवरी से बोर्ड परीक्षा शुरू हो रही है। परीक्षा में केवल एक सप्ताह शेष है। ऐसे में विद्यार्थियों के लिए सबसे जरूरी है कि वे नया पढ़ने के बजाय अब तक पढ़े गए पाठ्यक्रम को दोहराने पर पूरा ध्यान दें। पिछले वर्ष बोर्ड परीक्षा में टॉप करने वाले मेधावी और शिक्षकों का मानना है कि परीक्षा के नजदीकी दिनों में रिवीजन प्लान और अनुशासित टाइम टेबल ही बेहतर परिणाम की गारंटी बनता है।

शिक्षकों के अनुसार विद्यार्थियों को सभी विषयों का एक संतुलित टाइम टेबल बनाना चाहिए, जिसमें हर विषय के लिए प्रतिदिन निश्चित समय तय हो। रिवीजन के दौरान पिछले वर्षों के प्रश्न पत्रों को हल करना बहुत उपयोगी रहेगा। इससे न केवल प्रश्नों के पैटर्न की समझ बनती है, बल्कि समय प्रबंधन में भी मदद मिलती है। रिवीजन के लिए शॉर्ट नोट्स, फार्मूला सीट और महत्वपूर्ण बिंदुओं की सूची बेहतर कारगर होती है। गणित और विज्ञान जैसे विषयों में सूत्रों को बार-बार लिखकर अभ्यास करना चाहिए वहीं सामाजिक विज्ञान और हिंदी विषयों में मुख्य टॉपिक्स, तिथियों और परिभाषाओं पर विशेष ध्यान देना जरूरी है। डायग्राम्स मैप व फ्लोचार्ट को साफ सुथरा तरीके से बनाकर अभ्यास करने से उत्तरों की गुणवत्ता बढ़ती है।

शिक्षकों की सलाह है कि विद्यार्थी सोशल मीडिया से दूरी बनाकर अपनी पढ़ाई पर फोकस करें। साथ ही पर्याप्त नींद लें ताकि दिमाग तरोताजा रहे। परीक्षा के दौरान स्वादिष्ट, सुपाच्य आहार लें, घबराने के बजाय आत्मविश्वास बनाए रखना भी सफलता का आधार है। पिछले वर्ष बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों सरस्वती विद्या निकेतन के प्रांशु कश्यप, उमा यादव, हर्ष जायसवाल, सक्षम अरोड़ा ने परीक्षा के दौरान यही मंत्र अपनाया था।

- टाइम टेबल, निरंतर अभ्यास और आत्मविश्वास से मिलेगा बेहतर परिणाम
- विद्यार्थियों के लिए जरूरी है कि वे नया पढ़ने की बजाय पढ़े गए पाठ्यक्रम को दोहराने पर ध्यान दें


बोर्ड और प्रतियोगी परीक्षाओं का समय आते ही छात्रों में तनाव का माहौल बन जाता है। अक्सर छात्र मेहनत तो बहुत करते हैं, लेकिन सही रणनीति और समय प्रबंधन की कमी के कारण पिछड़ जाते हैं। परीक्षा आपकी याददाश्त का नहीं बल्कि आपके धैर्य और अनुशासन का भी परीक्षण है। प्रश्नों का चयन उत्तर लिखने के लिए सरल से कठिन का क्रम अपनाएं। **-आलोक कुमार मिश्र** प्रधानाचार्य श्री राजेंद्र गिरि मेमोरियल अकादमी गोला।


परीक्षार्थी जितनी देर भी पढ़ें, मन को एकाग्र करके पढ़ें। किसी कारण यदि अच्छी तरह से न पढ़ सके हों तो घबराएं नहीं, जो समय बचा है उसमें शांत मन से पढ़ाई करने में लगाएं। प्रश्नपत्र हल करते समय किसी प्रश्न का उत्तर नहीं आता हो तो बिना घबराए मन एकाग्र करें और कक्षा में पढ़ते समय को याद करें। आपने ध्यान पूर्वक जो भी सुना था, समझा था, उसे ही लिखें। **-डॉ. पूनम वर्मा** प्रधानाचार्य गुरु नानक कन्या इंटर कॉलेज गोला।


एक विद्यार्थी के जीवन में परीक्षा एक उत्सव की तरह से होती है। बोर्ड परीक्षा को सामान्य तौर पर विद्यार्थी के जीवन का प्रथम सोपान माना जाता है। मेरा विद्यार्थियों से कहना है कि तनाव रहित होकर प्रश्नपत्र हल करें। बोर्ड परीक्षा की तैयारी करने के दौरान परीक्षार्थियों के लिए पर्याप्त नींद लेना भी आवश्यक है। प्रश्न पत्र को पहले पूरे पेपर को ध्यान से पढ़ें। **-डॉ. सौरभ दीक्षित** प्रधानाचार्य गांधी स्मारक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोला।


ग्रामर (व्याकरण) के नियम पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। कॉपी में उत्तर साफ और स्पष्ट लिखें। शब्दों की स्पेलिंग पर ध्यान दें। राइटिंग स्किल मजबूत करें। पिछले प्रश्न पत्रों से अभ्यास करें। इस तरह की सही रणनीति अनुशासन और आत्मविश्वास के साथ परीक्षा के नजदीकी दिनों का सदुपयोग कर विद्यार्थी बोर्ड परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन कर सकते हैं। **-लवलेश दीक्षित** प्रधानाचार्य प्रगति चित्रांशी इंटर कॉलेज मनवापुर।


बोर्ड परीक्षा के लिए विद्यार्थी रणनीति और समय प्रबंधन कर अपना एक निश्चित टाइम टेबल स्वयं निर्धारित कर उसी का कड़ाई से पालन करते हुए सभी विषयों पर सामान ध्यान देकर शांत मन से परीक्षा दें। परीक्षा के दौरान समय का पूरा सदुपयोग करें। उत्तरों को पॉइंट्स में लिखें और महत्वपूर्ण शब्दों को रेखांकित भी करें। सोशल मीडिया के उपयोग और जंक फूड से बचें। **-मधु त्रिपाठी** प्रधानाचार्य सरस्वती विद्या निकेतन इंटर कॉलेज गोला।


बोर्ड परीक्षा में सफलता के लिए टाइम टेबल सबसे आवश्यक है। इन दिनों कुछ नया पढ़ने की आवश्यकता नहीं है बल्कि जो पूरे वर्ष भर में पढ़ा है उसी का बार-बार रिवीजन करते रहें। पिछले वर्षों के प्रश्न पत्रों से काफी मदद मिलती है। प्रतिदिन लिखकर अभ्यास करने की आदत डालें। मोबाइल से दूरी बनाकर रखें पर्याप्त नींद ले ताकि दिमाग शांत रहे। कठिन टॉपिक पर अधिक समय दें। आत्मविश्वास बनाए रखें और तनाव न लें। **-विवेक वर्मा** प्रधानाचार्य अंबे इंटर कॉलेज शिवपुरी।

# प्रदेश सरकार के बजट पर लगी लोगों की निगाहें

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचार:** केंद्र सरकार के बजट के बाद अब लागों की निगाहें प्रदेश सरकार के बजट पर लगी हैं। हर कोई अपने लाभ की आस लगाये है।

शिक्षित युवा नौकरी, छात्र कम खर्च में उत्तम शिक्षा, घरेलू महिलाएं ऐसा बजट चाहती हैं कि उन्हें घर परिवार के संचालन में आर्थिक सहूलियत मिले। प्रदेश सरकार के आज पेश होने वाले बजट पर लोग उम्मीद लगाये बैठे हैं कि इस बार के बजट में कुछ ऐसा खास हो कि आम वर्ग लाभान्वित हो सके। गन्ना किसान समय पर चीनी मिलों से भुगतान, कृशि कार्यों में उपयोग होने वाली वस्तुएं सस्ती हों। उन्हें खाद, बीज के लिये परेशान न होना पड़े। केंद्र सरकार के बजट में किसानों को ऐसा कुछ नही मिला। इसलिये प्रदेश सरकार से अब आस बंधी है। दुकानदार और व्यापारी टैक्स, जीएसटी में छूट की उम्मीद लगाये हैं।

- हर वर्ग अपने लाभ के लिए लगाए है उम्मीदें


प्रदेश सरकार जहां सबका ध्यान रख रही है, वहीं इस बजट से यह भी उम्मीद करते हैं कि प्राइवेट कर्मचारी और उनके आश्रितों के लिए भी कैशलेस योजना का लाभ दिया जाएगा। इस बार के बजट में ऐसी योजना की उम्मीद करते हैं। **-अंकित दीक्षित**, निवासी निकट पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस गोला।


महिलाओं की सुरक्षा के लिए प्रदेश सरकार प्रतिबद्ध है। इस दृष्टि से हम महिलाएं इस बजट से यह अपेक्षा कर रही हैं कि आम महिलाओं को ध्यान में रखते हुए इस बार पारिवारिक बजट निश्चित रूप से नियंत्रित होगा। दैनिक उपयोग की वस्तुएं, खाद्य सामग्री सस्ती हो। **-पुष्पा सिंह** शिक्षिका केंद्रीय विद्यालय।


प्रदेश सरकार के इस बजट में करदाताओं के लिए राहत, वेतन भोगी, मध्यम वर्ग के लिए राहत की बड़ी उम्मीदें हैं। सरकार को शिक्षा, स्वास्थ्य और सैनिक रक्षा के लिए बजट में महत्वपूर्ण स्थान दिया जाना चाहिए। **-डॉ. लखपतराम वर्मा** पूर्व प्रधानाचार्य कृषक समाज इंटर कॉलेज गोला।


केंद्र सरकार ने बजट में किसानों को नकारा है। प्रदेश सरकार के बजट से किसानों को सहारा है। वर्तमान में किसान पर कर्ज बढ़ता जा रहा है। उम्मीद है कि प्रदेश सरकार किसानों को कर्ज के दलदल से निकालने के लिए बजट में ठोस कदम उठाएगी।
**-अंजनी कुमार दीक्षित**, जिलाध्यक्ष राकिमसं लखीमपुर खीरी।

# श्रीकुल आश्रम में होंगे सामूहिक रुद्राभिषेक

**पलिया कलां, अमृत विचार:** कुलउपासक आचार्य गोविंद माधव ने बताया कि रविवार को महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर आश्रम में आयोजित होने वाले सामूहिक रुद्राभिषेक को लेकर सजावट आदि के कार्य शुरू कर दिए गए हैं। पार्थिव शिवलिंगों को बनाए जाने का कार्य भी प्रारंभ हो चुका है। सामूहिक रुद्राभिषेक में इस बार 31 श्रद्धालु दंपतियों भाग लेंगे। जो भी श्रद्धालु उक्त कार्यक्रम में भाग लेना चाहते हों। वे गुरुवार शाम तक आश्रम के आचार्य सोमेश माधव मिश्र के पास अपना नाम दर्ज करा दें, ताकि पूजन सामग्री आदि की व्यवस्था करने में कोई असुविधा न हो सके।

# भारत-नेपाल सीमा पर मिर्चिया और हंसनगर में बनेगी एसएसबी चौकी

संवाददाता, पलिया कलां

**अमृत विचार:** भारत-नेपाल सीमा पर सुरक्षा व्यवस्था और अधिक प्रभावी करने व निगरानी बढ़ाने के लिए गांव मिर्चिया और हंसनगर में 39 वीं एसएसबी चौकी खोली जाएगी।

मंगलवार को एसएसबी कमांडेंट ने अधिग्रहित भूमि की पूजा-अर्चना की। वाहिनी के कमांडेंट रबींद्र कुमार राजेश्वरी ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधि-विधान से भूमि पूजन किया। उन्होंने कहा कि नई सीमा चौकी की स्थापना से क्षेत्र में सीमा सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने, कार्मिकों के कार्य संचालन में सुविधा व स्थानीय क्षेत्र में सुरक्षा एवं समन्वय को मजबूती मिलेगी। इस मौके पर उप कमांडेंट प्रचालन विजयेंद्र कुमार सहित अन्य अधीनस्थ अधिकारी व एसएसबी जवान मौजूद रहे।

भूमि पूजन कार्यक्रम के बाद कमांडेंट ने अधिकारियों से सीमा सुरक्षा को लेकर वार्ता की और उन्हें जरूरी दिशा-निर्देश दिए।


नई सीमा चौकी मिर्चिया पर पूजन करते एसएसबी कमांडेंट। ● अमृत विचार

- कमांडेंट ने अधीनस्थों के साथ किया भूमि पूजन

# भीड़ को व्यवस्थित करने के लिए वालंटियर की रखें व्यवस्था

संवाददाता, संपूर्णानगर

**अमृत विचार:** महाशिवरात्रि पर्व को लेकर थाने पर संभ्रांत ग्रामीणों के साथ पीस कमेटी की बैठक हुई। बैठक में पलिया सीओ जितेंद्र सिंह परिहार व थाना प्रभारी कृष्ण कुमार ने त्योहार को लेकर दिशा निर्देश दिए। लोगों से समस्याओं के बारे जानकारी हासिल की है।

सीओ ने कहा कि महाशिवरात्रि पर्व के दौरान मेले में बड़े झुले न लगाए जाएं। दुकानों पर डीजे न बजाया जाए। मेले में भीड़ अधिक होती हैं। इस लिए भीड़ को व्यवस्थित रखने के लिए कमेटी वालंटियर की व्यवस्था रखें। हालांकि कि मेले में पुलिस बल रहेगा। श्रद्धालुओं के लिए पीने के पानी की व्यवस्था रखी जाएं। ताकि श्रद्धालुओं को कोई दिक्कत न हो।

उन्होंने कहा कि झूलों से कई जगह हादसे हो चुके हैं। हादसों को देखते हुए बड़े झूले व बिजली वाले झूलों का इस्तेमाल न किया जाए। इस दौरान नगर व्यापार मंडल अध्यक्ष इश्तियाक अहमद खान, पूर्व अध्यक्ष ओमप्रकाश मद्धेशिया, खजुरिया व्यापार मंडल अध्यक्ष ॠषिकेश सिंह, खजुरिया शिव मंदिर के अध्यक्ष प्रमोद मिश्रा, प्रधान प्रभुनाम, डॉ. लवली जुनेजा, गुरुद्वारा साहिब के बाबा सहित तमाम लोग मौजूद रहे।


थाना परिसर में बैठक करते सीओ जितेंद्र सिंह परिहार। ● अमृत विचार

- महाशिवरात्रि पर्व को लेकर पीस कमेटी हुई बैठक

# आईटीआई जा रही छात्रा से छेड़छाड़

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार:** कोतवाली सदर क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक ने बताया कि उनकी 22 वर्षीय पुत्री सुबह करीब 9:40 बजे राजापुर आईटीआई पढ़ने साइकिल से जा रही थी। गांव रसूलपुर स्थित बक्कस महतिया के बाग के पास खीरी के मोहल्ला सैयदवाड़ा निवासी वशी अहमद ने बेटी की साइकिल रोक ली और छेड़छाड़ करने लगा। छात्रा के शोर मचाने पर जब लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपी जान से मार देने की धमकी देते हुए भाग निकला। घटना के बाद छात्रा घबराकर घर पहुंची और परिजनों को पूरी जानकारी दी। पिता पीड़ित बेटी को लेकर सदर कोतवाली पहुंचे और पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। मामला दो समुदायों के बीच का होने से लोगों में आक्रोश है।

# ओबीसी समाज पर अभद्र टिप्पणी से भड़के पटेल समाज के लोग

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचार:** कुछ दिनों पहले नगर में डॉ. पीयूष शुक्ला के वायरल हुए वीडियो में ओबीसी समाज पर की गई अभद्र टिप्पणी का मामला गर्माते हुए मंगलवार को सीओ ऑफिस से लेकर चौराहा जाम करने तक पहुंच गया।

एएसपी के रिपोर्ट दर्ज करने के आश्वासन पर लोग मान गये। फिर भी काफी देर चौराहा जाम रहा, जिससे वाहन चालक परेशान हुये।ओबीसी समाज पर अभद्र टिप्पणी के विरोध में पटेल संस्थान पर एकत्र हुए पूर्व दर्जा राज्य मंत्री सुरजन लाल वर्मा, संस्थान के अध्यक्ष राजीव पटेल, मंत्री अंकुर वर्मा, अभिजय पटेल समेत दर्जनों लोग पैदल मार्च करते हुए सीओ ऑफिस पहुंचे। वहां सीओ रमेश कुमार तिवारी से बात न बनने पर पटेल समाज के आक्रोशित दर्जनों लोगों ने अशोक चौराहा जाम कर जमीन पर बैठ गये।

जाम लगने की सूचना का एडिशनल एसपी ने संज्ञान लिया। जिस पर आक्रोशित लोगों को सीओ ऑफिस बुला लिया गया।

कुछ देर बाद वहां पर पहुंचकर पटेल समाज के लोगों से एडिशनल ने वार्ता कर रिपोर्ट दर्ज करने का निर्देश मातहतों को दिया। जिस पर समाज के लोग ने अपना विरोध प्रदर्शन स्थगित कर दिया। इस मौके पर शिवनंदन वर्मा, सभासद नानकचंद वर्मा, हरिओम वर्मा, सतीश वर्मा, आशीष पटेल, कपिल वर्मा, अक्षय पटेल, अमित वर्मा, डॉ. दीपू, डॉ. रामशरन, किसान नेता श्रीकृष्ण वर्मा, महादेव प्रसाद, जितेंद्र वर्मा, श्रीपाल, अशोक कुमार, रामसेवक फौजी, एडवोकेट अभय वर्मा, अजय वर्मा, गन्ना समिति के पूर्व अध्यक्ष सुरेश वर्मा, शिवम पटेल, रामकुमार वर्मा समेत अनेक लोग मौजूद रहे।


गोला में अशोक चौराहा जाम कर बैठे पटेल समाज के लोग। ● अमृत विचार

- अशोक चौराहा जाम कर की नारेबाजी, रिपोर्ट दर्ज होने के आश्वासन पर माने

# 24 घंटे में न पकड़े आरोपी तो बच्चों समेत दूंगी जान

## 4 दिन बाद भी बेखौफ होकर खुलेआम घूम रहे आरोपी, रसूखदार आरोपियों को पुलिस का संरक्षण होने का आरोप

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार :** थाना व कस्बा भीरा निवासी सुमित गुप्ता के आत्महत्या के मामले में बेखौफ होकर खुलेआम आरोपियों के घूमने से पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे हैं। वहीं चार दिन बाद भी आरोपियों की गिरफ्तारी न होने पर मृतक की पत्नी ने एसपी को 24 घंटे का अल्टीमेटम दिया है। उसने कहा है कि यदि 24 घंटे के भीतर आरोपी गिरफ्तार नहीं हुए तो वह बच्चों समेत जहर खाकर अपनी जान दे देगी। इसका एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। हालांकि एसपी ख्याति गर्ग ने उसे कार्रवाई का आश्वासन दिया है, लेकिन पूरे मामले में मैलानी व भीरा पुलिस की कार्यशैली को सवालों के घेरे में लाकर खड़ा कर दिया है।

कस्बा भीरा के मोहल्ला स्वामी विवेकानंद निवासी सुमित गुप्ता ने जहर खाकर आत्महत्या करने से वीडियो वायरल कर भावुक होकर बताया था कि संजय शुक्ला,



बच्चों के साथ आत्महत्या की चेतावनी देती मृतक की पत्नी प्रियंका गुप्ता। ● अमृत विचार

> पीड़िता मुझसे मिली थी। पुलिस ने आरोपियों के घर से डीवीआर कब्जे में लिया है। उसके बारे में जानकारी ली है। साथ ही आरोपियों को गिरफ्तारी करने की मांग रखी। पीड़िता को आश्वस्त किया गया है। घटना में जो लोग शामिल हैं। उनकी गिरफ्तारी कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। किसी भी दोषी को बक्शा नहीं जाएगा। आत्महत्या करने जैसी कोई बात पीड़िता ने उनके सामने नहीं की है। -**डॉ. ख्याति गर्ग**, एसपी।

अश्वनी अवस्थी (जो एक सरकारी विभाग में बड़े पद पर तैनात बताए जा रहे हैं), आदर्श अवस्थी (आदर्श रेडीमेड के संचालक), टीटू, राधेश्याम, विनोद गुप्ता, ललतू और सभासद सतेंद्र यादव उसे लगातार प्रताड़ित कर रहे हैं। वीडियो में सुमित ने कहा था कि विनोद गुप्ता का कुछ सामान उसके पास गिरवी रखा था, जिसे पहले पैसे देकर छुड़ाने की बात कही गई, लेकिन बाद में बिना भुगतान के ही सामान लेने का दबाव बनाया जाने लगा। वीडियो में उसने आरोप लगाया कि उसे संजय शुक्ला के आवास पर जबरन रोका गया, जहां उसे डराया-धमकाया गया और मानसिक रूप से तोड़ा गया। उसने यह भी दावा किया कि वहां लगे सीसीटीवी कैमरों में उससे संबंधित फुटेज मौजूद हैं। मैलानी पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट तो दर्ज कर ली, लेकिन आरोपियों के रसूखदार होने और मजबूत राजनीतिक पकड़ रखने के कारण पुलिस आरोपियों को चार दिन बाद भी गिरफ्तार नहीं कर सकी।

आरोपी संजय शुक्ला भीरा नगर पंचायत चेयरमैन के पति हैं। मृतक की पत्नी प्रियंका गुप्ता का कहना है कि कानूनी कार्रवाई सिर्फ कागजों तक सीमित है। आरोपियों की गिरफ्तारी न होना यह संकेत देता है कि प्रभावशाली लोगों को बचाने की कोशिश की जा रही है। पीड़ित परिवार का आरोप है कि भीरा पुलिस निष्पक्ष कार्रवाई के बजाय मामले को ठंडे बस्ते में डालने में जुटी है। पीड़िता मंगलवार को एसपी डा. ख्याति गर्ग से मिली और अपनी बात रखी।

पीड़िता ने एक वीडियो जारी कर कहा है कि यदि 24 घंटे में आरोपी गिरफ्तार नहीं किए जाते हैं तो वह बच्चों समेत जहर खाकर जान दे देगी।

### पीड़ित पत्नी को एसपी से मिलने से रोका

मृतक सुमित गुप्ता की पत्नी जब मंगलवार को न्याय की गुहार लेकर एसपी से मिलने के लिए लखीमपुर रवाना हुई तो भीरा पुलिस ने उन्हें रोक लिया। इस पर लोग भड़क गए। पीड़ित परिवार का कहना था कि उन्हें जानबूझकर रोका गया ताकि वे अपनी बात उच्च अधिकारियों तक न पहुंचा सकें। मौके पर मौजूद मीडिया कर्मियों ने जब हस्तक्षेप कर सवाल उठाए तो भीरा थाना प्रभारी रोहित दुबे ने यह कहकर जिम्मेदारी से इंकार कर दिया कि पुलिस किसी को नहीं रोक रही है, बल्कि उल्टा मीडिया पर ही पीड़ितों को भड़काने का आरोप मढ़ दिया। हालांकि कुछ देर बाद भीरा पुलिस पीड़ित परिवार को अपने साथ लेकर लखीमपुर खीरी पहुंची और मृतक की पत्नी को पुलिस अधीक्षक से मिलवाया।

## दुर्घटनाओं में किसान समेत तीन की मौत

**शाहजहांपुर/रोजा, अमृत विचार :** जिले में अलग-अलग स्थानों पर सड़क दुर्घटनाओं में तीन लोग घायल हो गए और घायलों को मेडिकल कालेज में लाया गया। जहां तीनों की अलग-अलग समय मौत हो गई। कांट, बंडा और रोजा क्षेत्र में हादसा हुआ था।

थाना क्षेत्र के गांव सिसौआ निवासी 30 वर्षीय गुड्डू दो दिन पूर्व अपनी ससुराल गुर्री गए थे। वह शाम सात बजे अपनी ससुराल से अपने गांव गुर्री वापस जा रहे थे। सीतापुर हाईवे पर गुर्री अड्डे के निकट सड़क पार करते समय अज्ञात वाहन ने उनको टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गए। चालक वाहन लेकर भाग गया। पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को मेडिकल कालेज भेज दिया। इधर परिवार वाले मेडिकल कालेज पहुंच गए। डाक्टर ने घायल को मेडिकल कालेज के लिए रेफर कर दिया। लखनऊ ले जाते समय उसकी मौत हो गई। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मृतक के भाई अफजल ने अज्ञात चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

## बीआरसी कंजा पर हुआ एक दिवसीय प्रशिक्षण



कंजा बीआरसी के प्रशिक्षण में मौजूद शिक्षक और प्रबंध समिति के लोग। ● अमृत विचार

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचारः** ब्लॉक संसाधन केंद्र कंजा में विद्यालय प्रबंध समिति की ट्रेनिंग में शिक्षकों को विद्यालय प्रबंध समिति के गठन, अधिकार व कर्तव्यों का प्रशिक्षण दिया।

कार्यक्रम का आरंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण, दीप प्रज्वलन के साथ खंड शिक्षा अधिकारी कुंभी श्रीराम ने किया। प्रधानाध्यापिका संयोगिता सिंह, पूनम रानी शुक्ला, कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय अहमदनगर की आराधना शुक्ला ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। मास्टर ट्रेनर सुरेन्द्र कनौजिया एवं निमित वर्मा ने विद्यालय प्रबंध समिति के गठन, अधिकार और कर्तव्य पर विस्तृत रूप से बताया। खंड शिक्षा अधिकारी श्रीराम ने ट्रेनिंग के प्रतिभागियों को बताया कि विद्यालय प्रबंध समिति का विद्यालय विकास में महती योगदान रहता है। बच्चों की समग्र शिक्षा, स्वास्थ्य और अभिभावकों में शैक्षिक जागरुकता बढ़ाने हेतु आयोजित कार्यक्रम का उद्देश्य अध्यापकों एवं अभिभावकों में सामंजस्य बिठाना है। इस मौके पर एआरपी विनोद कुमार गौतम, गुरबक्स सिंह, हिमांशु वर्मा, आदेश शुक्ला, प्रधानाध्यापक नरेंद्र वर्मा, विजयपाल वर्मा, हरीराम, सुरेन्द्र पाल सिंह, प्रेम प्रकाश, सालेहा खान, मंजूषा राठौर, साधना सिंह आदि मौजूद रहे।

## बच्चों को खिलाई दवा, निकाली रैली

संवाददाता, उचौलिया

**अमृत विचारः** राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर गायत्री देवी सरस्वती शिशु मंदिर मोहदियापुर के बच्चों ने जागरूकता रैली निकाली। इस स्कूल सहित चैप्सली स्कूल राजापुर में बच्चों को एल्बेंडाजोल टेबलेट खिलाने के साथ वितरित की गई। जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर सेवा का जुनून फाउंडेशन के डायरेक्टर संजीत सिंह सनी ने रवाना किया। रैली गांव की गलियों से ग्राम वासियों को कृमि से मुक्ति के प्रति जागरूक करते हुए और उससे बचाव व इलाज के बारे में नारे देते निकाली गई। रैली का समापन स्कूल प्रांगण में हुआ। इस मौके पर बच्चों को एल्बेंडाजोल दवा के बारे में जानकारी दी गई।

बरवर। चंदन लाल विद्या मंदिर इंटर कॉलेज भौनापुर में कृमि मुक्ति दिवस मनाया गया। इस मौके पर सभी छात्र,छात्राओं एवं विद्यालय के स्टाफ को कृमि से मुक्ति के लिए एल्बेंडाजोल टेबलेट खिलाई गई।



चैप्सली स्कूल राजापुर में एल्बेंडाजोल टेबलेट खाते बच्चे। ● अमृत विचार

इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में बीडीओ पसगवां मोहित कौशिक, अर्श काउंसलर सीएचसी पसगवां शालिनी पांडेय, प्रधानाचार्य मनोज वर्मा और विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

जंगबहादुरगंज। केन ग्रोवर्स इंटर कॉलेज में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर सीएचसी पसगवां से डॉ अशोक यादव ने अपनी टीम के साथ कॉलेज पहुंचकर 350 छात्र छात्राओं को एल्बेंडाजोल की टैबलेट खिलाई और वितरित की। इस अवसर पर प्रधानाचार्य हरिश्चंद्र मौजूद रहे।

बिलहरी। कस्बा सिकंद्राबाद स्थित मदरसा हुसैनिया गरीब नवाज में विद्यार्थियों को एल्बेंडाजोल टेबलेट खिलाई गई। इस दौरान बच्चों को मौलाना सलमान रजा खान ने राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस को सफल बनाने को प्रेरित किया और उससे बचाव के तरीके बताए।

## वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो युवक घायल

संवाददाता, सिंगाही

- एचपी पेट्रोल पंप के पास शाम को हुआ हादसा

**अमृत विचारः** पनवारी स्टेट हाईवे पर सिंगाही-निघासन रोड स्थित एचपी पेट्रोल पंप के पास मंगलवार शाम तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में दो युवक घायल हो गए। घायलों को अस्पताल भेजा गया, जहां से हालत गंभीर होने पर एक घायल को डॉक्टर ने जिला अस्पताल रेफर किया है।

हादसा मंगलवार की शाम करीब 6 बजे हुआ। कोतवाली तिकुनिया के गांव बड़ा बरसोला निवासी किशोर कुमार (40)अपने मित्र सूरज (38) निवासी सुथना बरसोला के साथ बाइक से मुड़ा बुजुर्ग गए थे। वहां से लौटते समय जैसे ही वे कस्बे के एचपी पेट्रोल पंप के पास पहुंचे। इसी बीच सिंगाही की ओर से आ रहे अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक चला रहा किशोर कुमार का पैर टूट गया, जबकि पीछे बैठे सूरज को गंभीर चोटें आईं।

हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और राहगीरों की मदद से दोनों घायलों को एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र निघासन भेजा गया। निघासन सीएचसी के चिकित्सकों ने किशोर कुमार की हालत गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल लखीमपुर रेफर कर दिया। वहीं दूसरे घायल का उपचार सीएचसी में जारी है। पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश में जुटी हुई है।

## मृतका के शव का दूसरे दिन हुआ पोस्टमार्टम

संवाददाता, केशवापुर



मृतका सीमा देवी।

- घर में लटका मिला था हिला का शव
- पति को है हत्या करने की आशंका

**अमृत विचारः** थाना हैदराबाद की अज़ान पुलिस चौकी क्षेत्र के गांव मढिया सड़क में सूने घर में विवाहिता का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिलने पर पुलिस द्वारा भेजे गये शव का मंगलवार को पोस्टमर्टम हुआ है। पति ने अज्ञात लोगों पर हत्या कर लटकाये जाने की आशंका व्यक्त की है।

मढ़िया सड़क गांव में सोमवार को दोपहर बाद हुई इस घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। राजकुमार की पत्नी सीमा देवी (30) का शव घर के कमरे में बांस की बनी अर्गनी में साड़ी के फंदे से लटका मिला था। उस वक्त घर में और कोई नहीं था, पति राजकुमार अपनी ससुराल भीरा थाना क्षेत्र के गांव नौगवां में अपने साले के बेटे (सरौत) के तिलक समारोह में शामिल होने रविवार को गया था।

सोमवार को दिन के दो बजे के करीब सीमा देवी की मौत की सूचना मिलने पर राजकुमार अपने साले सुरेन्द्र कुमार के साथ घर पहुंचा। सुबह बच्चे पढ़ने के लिए विद्यालय चले गए थे, जब वे एक बजे घर लौटे तो सीमा देवी का शव लटका मिला। बच्चों ने डरकर मौहल्ले वालों को बताया, जिसके बाद गांव वालों ने मृतका के पति राजकुमार को घटना की जानकारी दी। राजकुमार का आरोप है कि उसकी पत्नी की हत्या की गई है। उसका कहना है कि शव बहुत पुराने कपड़े में लिपटा हुआ था, जो हत्या की ओर इशारा कर रहा है। राजकुमार के साले सुरेन्द्र कुमार ने बताया कि उनकी बहन की शादी 2011 में राजकुमार के साथ हुई थी, और उनके दो बेटे आर्यन (12) और आदर्श (6) हैं। सूचना पर पहुंचे थाना प्रभारी सुनील मलिक और अजान चौकी प्रभारी अशोक सिंह ने घटनास्थल की जांच पड़ताल की।

भाई की ओर से दी गई तहरीर पर पुलिस ने शव का पंचनामा भरवाकर जिला मुख्यालय भेज दिया है। लेकिन देर से शव पहुंचने के कारण पोस्टमार्टम न हो पाने पर शव को मोर्चरी में रखवा दिया गया था, जिसका मंगलवार को पोस्टमार्टम हुआ है। अजान चौकी प्रभारी अशोक सिंह ने बताया कि महिला के शव की पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद विधिक कार्रवाई की जायेगी। अभी कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है, फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## कलश यात्रा के साथ चतुर्थ श्रीरुद्र महायज्ञ शुरू



कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालु। ● अमृत विचार

संवाददाता, पसगवां

- नयागांव किशोरी के शिव मंदिर में चल रहा आयोजन

**अमृत विचारः** नयागांव किशोरी के शिव मंदिर में हो रहे चतुर्थ श्रीरुद्र महायज्ञ का आरंभ कलश यात्रा से हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

कलश यात्रा नयागांव किशोरी से अलिया घाट गोमती नदी तक गई। गोमती नदी से वापस आकर यज्ञ शाला में कलश स्थापित किया गए। पूजन वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पं. संजय कुमार मिश्रा ने कराया। मुख्य यजमान मुन्ना लाल, पत्नी आरती देवी, प्रधान सर्वेश कुमार, पत्नी कमलेश्वरी देवी,राकेश कुमार, अरविंद कुमार, धर्मेन्द्र कुमार सपत्नीक मौजूद रहे ।

इस अवसर पर सैकड़ों श्रृद्धालु ढोल बाजों के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे। नयागांव किशोरी, रामापुर, अजबापुर आदि गांवों के श्रृद्धालु भारी संख्या में कलश यात्रा में शामिल हुए।

## तनाव मुक्त रहकर भरपूर नींद लेना जरूरी

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचारः** मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत मानसिक स्वास्थ्य जागरुकता एवं उपचार शिविर का आयोजन कर 100 लोगों का चिकित्सीय उपचार किया गया।

सीएचसी में लगे शिविर का शुभारंभ विधायक अमन गिरि और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के अधीक्षक डॉ. गणेश कुमार ने फीता काटकर किया। विधायक ने मानसिक स्वास्थ्य व इससे जुड़ी अन्य बीमारियों के रोकथाम, बचाव और इलाज पर अपने विचार व्यक्त किये। मनोचिकित्सक डॉ. अखिलेश शुक्ला ने 100 विभिन्न प्रकार के मानसिक रोगियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर चिकित्सकीय उपचार प्रदान किया। उन्होंने बताया कि मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं से बचने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को 6 से 8 घंटे नींद लेना जरूरी है। प्रतिदिन व्यायाम, साफ सफाई, शुद्ध और ताजा भोजन, धूम्रपान का सेवन न करना समेत अन्य जरूरी आदतों को अपने दैनिक जीवन में जरूर शामिल करना चाहिए, इससे मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं से बचा जा सकता है।



गोला सीएचसी में शिविर का फीता काटकर उद्घाटन करते विधायक अमन गिरि।

- सीएचसी में मानसिक जागरुकता शिविर में मानसिक रोगियों को मिला इलाज

क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट स्तुति कक्कड़ ने मानसिक मंदित व्यक्तियों की काउंसलिंग की। एनसीडी काउंसलर मंजीत सिंह ने बताया कि आमजन मानसिक स्वास्थ्य सम्बन्धी चिकित्सकीय उपचार व परामर्श के लिए प्रत्येक बृहस्पतिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोला में सुबह 10 बजे से शाम चार बजे तक एवं प्रत्येक महीने के दूसरे मंगलवार को आने की सलाह दी। शिविर मे डॉ. यामिनी बादल, डॉ. सुशील आदिम, जावित्री देवी ने मुख का कैंसर, स्तन कैंसर, बच्चेदानी के मुंह का कैंसर की स्क्रीनिंग कर मरीजों को कैंसर के प्रति जागरूक किया। टीबी की भी स्क्रीनिंग की गई। साइकेट्रिक नर्सिंग ऑफिसर विवेक मित्तल ने मरीजों को दवा का वितरण किया। शिविर में मरीजों की ब्लड प्रेशर की जाँच नर्सिंग ऑफिसर जावित्री देवी ने 220 जांचे कीं।

मधुमेह की जांच लैब तकनीशियन सुशील कुमार एवं सत्यवीर सिंह राना द्वारा 110 जांचे की गई। इस मौके पर डॉ. अजय कुमार वर्मा, डॉ. अशोक सिंह, डॉ. आकांक्षा वर्मा, डॉ. देवराज वर्मा, डॉ. सुशील कुमार, ओटी टेक्नीशियन आदित्य कुमार सहित स्टाफ, आशा और एएनएम रहीं।

## सिद्ध बाबा मंदिर से निकली रथ यात्रा

**सिंगाही, अमृत विचारः** सिद्ध बाबा मंदिर सिंगहा कलां से मंगलवार को रथ यात्रा निकाली गई। रथ यात्रा का जगह-जगह पूजा-अर्चना कर पुष्प वर्षा की। मंत्रोच्चार के बीच पूजन-अर्चन कर कार्यक्रम का आरंभ हुआ। सुसज्जित रथ पर विराजमान भोलेनाथ की प्रतिमा के साथ यात्रा निकाली गई, जो ढोल-नगाड़ों और भक्ति गीतों के बीच आगे बढ़ी। श्रद्धालु नाचते-गाते, जयकारे लगाते हुए रथ के साथ चल रहे थे। यात्रा का पहला पड़ाव हनुमान मंदिर सिंगहा खुर्द रहा, जहां पूजा-अर्चना की गई। ग्रामवासियों ने पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। यात्रा संहिजना गांव पहुंची, जहां ग्रामीणों ने आरती उतारी। महिलाएं मंगल गीत गाते हुए यात्रा में शामिल रहीं। इसके बाद रथ यात्रा सिंगाही पहुंची, जहां जगह-जगह स्वागत द्वार बनाए गए थे। इस दौरान यजमान अनिल वर्मा, प्रधान प्रतिनिधि श्याम मोहन दीक्षित, संतराम कनौजिया, रवि शर्मा, रामनारायण शर्मा, मुन्नालाल वर्मा, सुरेश वर्मा, मनोज कुमार वर्मा पप्पू भैया, प्रधान पद के प्रत्याशी, खगेश्वर प्रसाद वर्मा, राजीव शर्मा, सुरेश शर्मा, रंजीत वर्मा, डॉ. राहुल कनौजिया, डॉ. मनोज कनौजिया आदि मौजूद रहे।

## जंगल में पेड़ से लटका मिला युवक का शव



कांधवा जंगल मार्ग पर मौजूद पुलिस। ● अमृत विचार

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

- शव की नहीं हो सकी शिनाख्त जांच में जुटी पुलिस

**अमृत विचारः** नगर से सटे कोंधवा गांव के निकट जंगल में रेलवे क्रॉसिंग के पास गोला वन रेंज के जंगल में युवक का शव पेड़ से लटकता मिला है। वाचर की सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव को जिला मुख्यालय मोर्चरी पहुंचा दिया है। मृतक की शिनाख्त नहीं हो पाई है।

बजाज चीनी मिल के पीछे मंगलवार की दोपहर वाचर मुकेश कुमार ने कोंधवा गांव को जाने वाले मार्ग पर जंगल में रस्सी के सहारे पेड़ की टहनी से एक युवक का शव लटकता हुआ देखा। उसने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव को उतरवाकर जिला मुख्यालय मोर्चरी पहुंचा दिया है। मृतक की उम्र लगभग 30 वर्ष बताई जा रही है।

मृतक के शरीर पर जैकेट, नीली पेंट, सफेद जूते मिले है। शव कई दिन पुराना होने के चलते मृतक का चेहरा बिगड़ चुका है। कार्यवाहक प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार ने बताया कि काफी प्रयास करने के बाद भी मृतक की शिनाख्त नहीं हो पाई है। शव 5 से 6 दिन पुराना लग रहा है। पहचान कराने के लिए आसपास के थानों में सूचना दी गई है।




## दिव्यांगों ने प्रशासन पर लगाया वादाखिलाफी करने का आरोप

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

- जिला अधिकारी को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा
- एक सप्ताह में मांगे पूरी न होने पर नदी में लेंगे जल समाधि

**अमृत विचारः** भारतीय दिव्यांग यूनियन के पदाधिकारियों ने डीएम को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपकर अपनी पुरानी मांगों को पूरी किए जाने की मांग करते हुए प्रशासन पर पूर्व में सौंपे ज्ञापन को लेकर वादा खिलाफी का आरोप भी लगाया है। ज्ञापन में कहा है कि एक सप्ताह में उनकी मांगे पूरी न हुई तो वह अलीगंज रोड स्थित उल्ल नदी में जल समाधि लेंगे।

मंगलवार को भारतीय दिव्यांग यूनियन के तहसील अध्यक्ष विकास कुमार के नेतृत्व में पदाधिकारियो ने डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल को संबोधित ज्ञापन एसडीएम प्रतीक्षा त्रिपाठी को सौंपकर कहा है कि वर्ष 2025 में अशोक चौराहे के पास स्थित इंदिरा पार्क में दिव्यांगों के अन्तोदय राशन कार्ड बनवाने, प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिये जाने, भूमिहीन दिव्यांगजनों के भूमि पट्टे दिये जाने, सरकारी अस्पतालों में अलग से काउंटर, चिकित्सक नियुक्त किए जाने, मुद्रा योजना का लाभ दिए जाने आदि को लेकर तत्कालीन उपजिलाधिकारी सहित विधायक, चेयरमैन को ज्ञापन सौंपा था। उन्होंने धरने पर पहुंचकर एक महीने के भीतर इन सभी मांगों को पूरा कराने का आश्वासन भी दिया था। परन्तु अब छह माह से अधिक का समय बीत जाने के बावजूद उनकी मांगे पूरी नहीं की गई है, जिसके चलते दिव्यांग मूलभूत आवश्यकताओं से वंचित हैं।

ज्ञापन में कहा है कि एक सप्ताह के भीतर इन सभी मांगों को पूरा नहीं किया गया तो दिव्यांग अलीगंज रोड पर उल्ल नदी में जल समाधि लेने को विवश होंगे। इस मौके पर, मिथिलेश कुमार, अमित कुमार, विजयपाल, राजेश मौर्य, तिलकराम वर्मा, बबलू, नारायण आदि दिव्यांग मौजूद रहे।

## नवापुर गांव के पास वाहन ने मारी टक्कर

**बंडा, अमृत विचारः** थाना क्षेत्र के गांव कढ़ेर चौरा निवासी 26 वर्षीय अरुण कुमार रविवार की देर रात मौसी की शादी में बाइक से लौट रहे थे। नवापुर गांव के सामने अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गए। चालक वाहन लेकर भाग गया। सूचना मिलने पर परिवार वाले मौके पर पहुंचे और घायल को सीएचसी पर लेकर आए। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर से परिवार में रोना पीटना मच गया। मृतक खेतीबाड़ी करते थे। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। प्रभारी निरीक्षक ने तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

